आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 25 -● जबलपुर ● शुक्रवार, 24 फरवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 4 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## दिलों की दूरियां और दिल्ली से दूरी कम करेंगे :पीएम मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नगालैंड के दीमापुर में रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी ने इस दौरान कांग्रेस पर निशाना साधा और भरोसा दिलाया कि एनडीए की सरकार की कोशिश होगी कि न केवल दिलों की दूरियां मिटे, बल्कि दिल्ली से भी दूरी कम हो। बता दें, नगालैंड में 27 फरवरी को मतदान होगा। वहीं 2 मार्च को मतगणना होगी।कांग्रेस ने नगालैंड की सरकार को रिमोट कंट्रोल से चलाया। दिल्ली से लेकर दीमापुर तक इन्होंने परिवारवाद को ही प्राथमिकता दे रखी थी, लेकिन हमारी सरकार ने पूरे नॉर्थ-ईस्ट के लिए दिल्ली की सरकार की सोच को ही बदल दिया है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध को एक साल

**नई दिल्ली एजेंसी।** रूस-यूक्रेन युद्ध को आज एक साल पूरे हो गए। 24 फरवरी 2022 को रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। तब से लेकर अब तक दोनों देशों के बीच भीषण युद्ध जारी है। अलग-अलग रिपोर्ट्स के अनुसार, एक साल के अंदर तीन लाख से ज्यादा लोग दोनों तरफ से मारे जा चुके हैं। इस युद्ध में अमेरिका समेत दुनिया के कई बड़े देश यूक्रेन की मदद कर रहे हैं। इसी कड़ी में जी-7 देशों के वित्त मंत्रियों ने गुरुवार को यूक्रेन के लिए इस समूह की ओर से आर्थिक सहायता बढ़ाकर 39 अरब डॉलर कर दी है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मार्च तक इस देश को नया वित्तीय पैकेज देने का आह्वान भी किया ताकि उसे रूस के हमले के प्रभाव से निपटने में मदद मिल सके।

# कांग्रेस का 85वां अधिवेशन में नहीं पहुंचा गांधी परिवार, खड़गे ले रहे बैठक

■ रायपुर, यशभारत।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कांग्रेस का 85वां राष्ट्रीय अधिवेशन हो रहा है। देशभर से कांग्रेस नेता शामिल हुए हैं। पहले सूचना थी कि राहुल गांधी दोपहर 2 बजे के बाद पहुंचेंगे, लेकिन अचानक उनके आने पर संशय हो गया है। महाधिवेशन में स्टीयरिंग कमेटी की बैठक शुरू हो गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। मीडिया से सचिन पायलट ने कहा कि, 2024 तक कैसे NDA को पराजित कर पाएंगे, उस विषय पर बहुत सारी चर्चाएं होंगी। स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में महत्वपूर्ण नीतियों पर चर्चा की जाएगी। शाम 4 बजे सब्जेक्ट कमेटी की बैठक होगी। जहां 6 प्रस्तावों पर चर्चा होगी। राहुल के देर से आने की वजह से माना जा रहा है कि वो स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे। प्रियंका गांधी शनिवार को पहुंचेंगीं ऐसा बताया जा रहा है, हालांकि एक चर्चा यह भी है कि प्रियंका महाधिवेशन में शामिल नहीं होंगी।



### राहुल के आने पर संशय, यह प्रमुख नेता पहुंचे रायपुर

राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर, अंबिका सोनी, दिग्विजय सिंह सहित अन्य नेता पहुंच गए हैं।

### क्या होगा स्टेयरिंग कमेटी की बैठक में...

स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में महासचिव केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश समेत करीब 50 केंद्रीय नेता शामिल हैं। कांग्रेस के आगामी कार्यक्रमों की रणनीति इस बैठक में तय होगी। सबसे महत्वपूर्ण होगा CWC का चुनाव। ये चुनाव होगा भी या नहीं इस पर चर्चा की जाएगी। दिनभर इस बैठक के बाद शाम के वक्त सब्जेक्ट कमेटी की बैठक होगी। जिसमें तय किया जाएगा कि इस अधिवेशन में किन बड़े विषयों पर चर्चा की जानी है। चर्चा के बाद उन संबंधित विषयों पर रणनीति बनाई जाएगी। पार्टी को जनता के मूड, के हिसाब से सलाह देंगे कि क्या करें और क्या न करें। इसके पूर्व अधिवेशन स्थल पर मीडिया से चर्चा में मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि रंज की बात यह है कि जब मैं यहां प्रवेश कर रहा था, तब मेरे बहुत से नेताओं और कार्यकर्ताओं को भाजपा की सरकार ने प्रताड़ित किया। मीडिया विभाग के पवन खेड़ा को गिरफ्तार किया गया। कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। मुझे बहुत खुशी है कि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दी और भाजपा के मुंह पर तमाचा मारा। जनता को भड़काने का काम भाजपा कर रही है, जिसका मैं खंडन करता हूं। जब हम संसद में बोलते हैं, तो वहां बोलने नहीं देते। जब हम बाहर बोलना चाहते हैं तो वहां भी बोलने नहीं दिया जाता है। इस देश में बोलने की आजादी को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। इनके हाथ में लोकतंत्र और संविधान सुरक्षित नहीं है। अधिवेशन से पहले कार्यकर्ताओं पर ईडी के छापे पड़ रहे हैं। भाजपा ने भी अधिवेशन किया, लेकिन कभी आपने सुना कि उनके कार्यकर्ताओं को धक्का भी लगा है। हमारे महाअधिवेशन को खत्म करने के लिए, इसे रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

## » न्यूज गैलरी

### भारत में प्रेग्नेंसी के दौरान 24 हजार मौतें



**न्यूयार्क, एजेंसी।** बीते 20 सालों में मातृ मृत्यु दर में एक तिहाई की गिरावट के बावजूद गर्भावस्था की परेशानियों से हर 2 मिनट में एक महिला की मौत हो जाती है। यह खुलासा संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट से हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं की मौत के मामलों में साल 2000 से 2015 के बीच जबरदस्त गिरावट आई। 2016 से लेकर 2020 के बीच मृत्यु दर स्थिर रही। साल 2000 में एक लाख बच्चों के जन्म के दौरान 339 महिलाओं की मौत हो रही थी। 2020 में यह आंकड़ा घटकर 223 हो गया।

### पीरियड्स में लीव के लिए सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज



**नई दिल्ली,एजेंसी।** पीरियड्स के दौरान महिलाओं को वर्कप्लेस पर छुट्टी मिले इसके लिए सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार यानी आज सुनवाई होगी। ये याचिका शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने दाखिल की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, याचिका में कहा गया कि कुछ देशों में किसी ना किसी फॉर्म में पीरियड्स के दौरान महिलाओं को छुट्टियां दी जाती है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन की एक स्टडी के मुताबिक पीरियड्स के दौरान महिलाओं को हार्ट अटैक के बराबर दर्द का सामना करना पड़ता है।

### यूएन में रूस के खिलाफ वोटिंग से दूर रहे भारत और चीन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की पहली वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस प्रस्ताव पर मंजूरी दी गई कि रूस की सेना को तत्काल प्रभाव से यूक्रेन छोड़ देना चाहिए। भारत के साथ ही चीन ने वोटिंग से दूरी बनाए रखी।193 सदस्यीय यूएनजीए में मतदान के दौरान 141 सदस्य देशों ने इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया कि रूस को यूक्रेन में शत्रुता समाप्त कर और तत्काल अपनी सेना वापस ले लेना चाहिए। 7 देशों ने प्रस्ताव का विरोध किया तो 32 सदस्य अनुपस्थित रहे।

# बेकाबू ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर, 11 की मौत

## पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे सभी



**रायपुर, ईएमएस।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा रोड पर गुरुवार देर रात ट्रक और पिकअप की भिड़ंत में 11 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 15 लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सभी एक ही परिवार के थे और पारिवारिक काम से खिलोरा से अर्जुनी गांव आए हुए थे। मृतकों में 4 बच्चे भी शामिल हैं। सीएम भूपेश ने हादसे पर दुख जताया है। बलौदाबाजार के खिलोरा से साहू परिवार के सदस्य पिकअप में सवार होकर अर्जुनी गए थे। देर रात वे वापस लौट रहे थे। तभी खमरिया में DPWS स्कूल के पास उनकी पिकअप को ट्रक ने टक्कर मार दी। भिड़त इतनी जोरदार थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए।हादसे में 4 बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं 15 लोग घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल के अलावा आसपास के अन्य हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। वही गंभीर रूप से घायल तीन को रायपुर रेफर किया गया है।

### नरसिंहपुर जिले में बस दुर्घटना तीन की मौत, 18 घायल



दूसरी ओर नरसिंहपुर जिले में देर रात हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग लोग घायल हो गए।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना लिंगा बायपास के पास हुई। यहां एक यात्री बस पलट गई। इससे तीन यात्रियों की मौत और 18 यात्री घायल हो गए।दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिसबल मौके पर पहुंच गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। बताया गया है कि यह दुर्घटना रात 10.30 से 11 बजे के बीच हुई। पारुल ट्रेवल्स की बस हादसे का शिकार हुई। जानकारी मिली है कि बस वैवाहिक कार्यक्रम से लोगों को लेकर सतधारा से बांसखेड़ा जा रही थी। घटना स्थल करेली से करीब 10 किमी दूर है। दुर्घटनाग्रस्त बस को बाद में सीधा कर दिया गया। मृतकों के नाम कार्तिक गुर्जर 16 वर्ष, पहलवान सराठे 60 वर्ष और उदयराम ठाकुर 55 वर्ष पता चले हैं। ये तीनों बांसखेड़ा थाना सांईखेड़ा जिला नरसिंहपुर के निवासी हैं। बस क्रमांक एमपी 17 पी 0286 है।घायलों में से छह लोगों की हालत गंभीर है। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करेली लाया गया। जहां गंभीर रूप से घायल छह लोगों को नरसिंहपुर जिला अस्पताल रिफर किया गया है।बताया जा रहा है कि पारुल ट्रेवल की 35 सीटर यात्री बस क्रमांक एमपी 17 पी 0286 बांसखेड़ा से वैवाहिक कार्यक्रम में जिले के सतधारा ले जाई गई थी। जहां से बस में सवार होकर सभी वापस बांसखेड़ा लौट रहे थे कि करेली लिंगा बाईपास प्रिंस ढाबा के पास बस के चालक ने बस को उल्टी दिशा में दौड़ा दी। बस आगे जाकर डिवाइडर पर चढ़ गई और अनियंत्रित होकर बस पलट गई।

### डांस करने लगा ड्राइवर, दूसरे ने संभाली बोलेरो, 10 बारातियों को कुचला, दो की मौत

शिवपुरी जिले के खतौरा गांव में एक बोलेरो जीप अनियंत्रित हो गई और बारात में डांस करने वाले बारातियों पर चढ़ गई। जिसमें 10 लोग घायल हो गए बाद में इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि बारात के पीछे बोलेरो चल रही थी, इसका ड्राइवर भी डांस करने के लिए उतर गया। गाड़ी खुली छोड़ दी, दूसरे ड्राइवर ने जब गाड़ी संभाली तो उससे बेकाबू हो गई और बारातियों पर चढ़ गई। बुधवार रात गुना के श्यामपुर से आई रात में उस समय हड़कंप मच गया जब चलती बारात में पीछे से एक बोलेरो घुस गई। इस घटना में दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। घायलों को उपचार के लिए पहले बदरवास के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां परिजन दो गंभीर घायलों को गुना के अस्पताल में भर्ती कराने ले गए, एक घायल को उसके ग्वालियर रेफर किया गया है। वहीं, गुना अस्पताल के लिए ले जाए गए दोनों घायलों की मौत हो गई। बारात में शामिल महेश ने बताया कि बोलेरो ड्राइवर बारात में चलती गाड़ी को सड़क पर छोड़कर बारात में नाचने चला गया। इस दौरान एक बाराती बोलेरो गाड़ी में ड्राइवर सीट पर बैठ गया और उसने गियर डालकर बोलेरो को आगे बढ़ा दिया। जिस पर बोलेरो असंतुलित हो गई और बारात में जा घुसी। घटना देर रात दो बजे की बताई गई है।

### कर्नाटक में कार और ट्रक की टक्कर, पांच लोगों की मौत

एक अन्य हादसे में कर्नाटक के धारवाड़ में एक कार और ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में एक बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना गुरुवार को तेगुर गांव के पास हुई। पुलिस ने बताया कि कार एक राहगीर को बचाने की कोशिश कर रही थी, इसके चलते कार ट्रक में जा घुसी।हालांकि हादसे में उसकी भी मौत हो गई। मृतकों की पहचान इरन्ना रामनगौदर, नागप्पा इरप्पा मुद्दोजी, महंतेश बसप्पा मुद्दोजी, बसवराज शिवपुत्रप्पा नरगुंड और श्रीकुमार नरगुंड के रूप में हुई है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# कोयले के बीच 2 किलो का हीरा!

## चौंधिया गईं आंखें, बिगड़ी नीयत और फुर्र हो गया इंजीनियर

**झांसी,एजेंसी।** यूपी के झांसी में परीछा थर्मल पावर प्लांट में कोयले की छंटाई के बीच एक 2 किलोग्राम का हीरे जैसा चमकीला पत्थर मिला। इसे पाने की होड़ में पहले वहां मौजदू मजदूर आपस में ही भिड़ गए। इसके बाद बवाल बढ़ने पर कंपनी से जुड़े इंजीनियर और अधिकारियों ने जांच के नाम पर उस हीरे जैसे पत्थर को अपने कब्जे में ले लिया। बाद में पता चला कि कंपनी के उन अधिकारियों की नियत बदल गई और पत्थर को लेकर फरार हो गए। झांसी से लगभग 25 किमी दूर बेतवा नदी के तट पर स्थित इस संयंत्र का स्वामित्व और संचालन उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम करता है, जो एक राज्य उद्यम है।प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक मनोज सचान ने कहा कि भारत सरकार की एक आउटसोर्स कंपनी क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के कर्मचारियों को प्लांट के अंदर भेजे जा रहे कोयले की गुणवत्ता की जांच करने में लगे हुए थे। झारखंड से ताजा आए कोयले के रेक के वैगन से मजदूरों को 2 किलोग्राम का कांच जैसे चमकीला पत्थर मिला। इसके बाद मजदूरों ने उसे तोड़ दिया और टुकड़ों को लेकर भाग गए। इस दौरान हुए विवाद को किसी ने वीडियो बनाकर साइट इंचार्ज को सूचना दे दी। सूचना मिलने पर साइट इंचार्ज मौके पर पहुंचे और किसी प्रकार का विवाद न हो इसके लिए भाकी बचा टुकड़ा अपने साथ अपने घर ले गए। दूसरी तरफ शाम को थर्मल प्लांट के एक कार्यकारी अभियंता भूपेंद्र सिंह क्यूसीआई में ही काम करने वाले अमित सिंह समेत अन्य के साथ साइट इंचार्ज के घर पर पहुंचे। इसके बाद उनसे जांच के नाम पर पत्थर ले लिया। बाद में वो सभी फरार हो गए। गुरुवार को घटना सामने आने पर आरोपियों के खिलाफ झांसी के बड़ागांव थाने में आईपीसी की धारा 379 (चोरी) के तहत केस दर्ज किया गया। बड़ागांव थानाध्यक्ष विनय दिवाकर के अनुसार पुलिस ने दोनों आरोपियों को राउंडअप कर लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक मनोज सचान के मुताबिक शुरुआती जांच में चट्टान के हीरा होने की संभावना नहीं है।



# अंतरिक्ष में होने जा रही सोने-चांदी की बारिश

## आपस में टकराए ये खास सितारे तो होगा चमत्कार

**वॉशिंगटन,एजेंसी।** अंतरिक्ष रहस्यों से भरा है। खगोलविदों ने अब असाधारण रूप से एक दुर्लभ तारा प्रणाली की खोज की है, जो एक शक्तिशाली विस्फोट को ट्रिगर कर सकता है। इसके भविष्य में एक किलोनोवा बनने की संभावना है। इस विस्फोट के होने से अंतरिक्ष में सोने की बौछार होगी। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 10 अरब सिस्टम में एक ही इतना दुर्लभ होता है। अनुमान है कि हमारे सौर मंडल में ऐसे सिर्फ 10 सिस्टम मौजूद हैं। अमेरिका के विशेषज्ञों का कहना है कि जब दो न्यूट्रॉन सितारे का आपस में विलय हुए तो एक बड़ा धमाका वैज्ञानिकों ने देखा। शोधकर्ताओं ने बुधवार को पहली बार एक किलोनोवा विस्फोट की संभावना जताई है। इस विस्फोट से एक आग का गोला बना और चमकदार पदार्थ उनकी अपेक्षाओं से भी तेज अंतरिक्ष में फैल गया। यह तारा समूह CPD-29 2176 के रूप में जाना जाता है, जो पृथ्वी से लगभग 11,400 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। नासा के नील गेहरल्स स्विफ्ट ऑब्जर्वेटरी ने इसे देखा है। दोनों न्यूट्रॉन सितारों का द्रव्यमान हमारे सूर्य से लगभग 2.7 गुना है। ये दोनों तारे आपस में टकराने से पहले अरबों साल तक एक दूसरे की परिक्रमा करते रहे।



### वैज्ञानिकों को मिली नई जानकारी

चिली में मौजूद 1.5 मीटर के टेलीस्कोप से खगोलविदों को यह पता चल सका कि सितारों की टक्कर एक किलोनोवा बनाएगी। CPD-29 2176 असामान्य है। ऐसा इसलिए क्योंकि खगोलविदों ने हमेशा सोचा था कि एक किलोनोवा के दौरान सबसे घना तारा दूसरे को सिस्टम से बाहर कर देता है। लेकिन मौजूदा न्यूट्रॉन स्टार ने ऐसा नहीं किया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि एक किलोनोवा बनाने के लिए दूसरे सितारे को भी अल्ट्रा-स्ट्राइप्ड सुपरनोवा के रूप में विस्फोट करने की जरूरत होगी, ताकि दोनों न्यूट्रॉन सितारे आपस में टकरा सकें। दो न्यूट्रॉन सितारों की टक्कर से अंतरिक्ष में अगर एक भयानक विस्फोट हो, तो यह किलोनोवा कहलाता है।

# मीडिया पर रोक नहीं लगा सकते, अडानी मामले में पाबंदियों से सुको का इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने अडानी ग्रुप को लेकर आई हिंडनबर्ग रिपोर्ट से जुड़ी मीडिया कवरेज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इस संबंध में दायर याचिका को खारिज करते हुए अदालत ने कहा कि हम मीडिया पर रोक नहीं लगा सकते। हम अपना फैसला सुनाएंगे। शुक्रवार को वकील एमएल शर्मा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस की बेंच ने यह कहा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा च्हम मीडिया के खिलाफ कोई आदेश जारी करने नहीं करने जा रहे हम वही करेंगे जो हमें करना है। हम अपना आदेश जारी करेंगे। दरअसल एमएल शर्मा ने अपनी अर्जी में मांग की थी कि हिंडनवर्ग रिपोर्ट के खिलाफ जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से जब तक कमेटी गठित नहीं हो जाती तब तक के लिए मीडिया रिपोर्टिंग पर रोक लगाई जाए। शर्मा ने कहा था कि इस मामले में कमेटी का गठन होना है जिससे यह जांच होगी कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट किसी साजिश का नतीजा है या नहीं। इसके बाद भी मीडिया में अडानी ग्रुप को लेकर लगातार खबरें चल रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी रिपोर्ट्स से लाखों निवेशकों पर असर पड़ रहा है। कोर्ट का आदेश आने तक इसलिए मीडिया को रोका जाना चाहिए। इन दलीलों को खारिज करते हुए चीफ जस्टिस ने कहा च्हमने पहले ही अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है और उसे सुनाएंगे। आप कोई सही तर्क दें। हम मीडिया पर रोक लगाने नहीं जा रहे हैं।






## मौसम | फरवरी में पड़ रही मार्च जितनी गर्मी

# अगले 5 दिन तक सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा रहेगा तापमान

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

उत्तर पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में अगले पांच दिनों तक अधिकतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री अधिक रहेगा। यह जानकारी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दी। मौसम विभाग के अनुसार, देश के कई हिस्सों में फरवरी में ही आमतौर पर मार्च के पहले सप्ताह के दौरान रहने वाला तापमान रिकॉर्ड किया जा रहा है। इसके चलते इस वर्ष बहुत तेज गर्मी और लू चलने की आशंका पैदा हो गई है। अगले दो दिन उत्तर पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में कोई बदलाव आने की संभावना नहीं है। उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में मार्च के पहले पखवाड़े में पारा 40 डिग्री सेल्सियस या इससे ऊपर जा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, मजबूत पश्चिमी विक्षोभ की अनुपस्थिति के चलते फरवरी में असामान्य गर्मी पड़ रही है। इसके चलते उत्तर भारत में बारिश नहीं हो रही है। दिल्ली में बीते सोमवार को अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। यह 1969 के बाद से फरवरी का तीसरा सबसे गर्म दिन था। विभाग ने 26 फरवरी, 2006 को शहर का अब तक का सर्वाधिक तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस और 17 फरवरी, 1993 को 33.9 डिग्री दर्ज किया था।



### गेहूं की उपज प्रभावित कर सकती है गर्मी

मौसम विभाग के अनुसार सामान्य से अधिक तापमान गेहूं और अन्य फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसके चलते गेहूं के पौधे में फूल आने और फली के पकने का चक्र गड़बड़ा सकता है। इससे उपज घट सकती है। बागवानी पर भी ऐसा ही प्रभाव पड़ सकता है। विभाग ने किसानों को फसलों की हल्की सिंचाई करने की सलाह दी है। पिछले साल मार्च में देश में 1901 के बाद से सबसे अधिक गर्मी दर्ज की गई थी। इसके चलते गेहूं की पैदावार में 2.5 फीसदी की गिरावट आ गई थी।

# सेना की भर्ती प्रक्रिया में किये गए आमूलचूल बदलाव

## –आन लाइन प्रक्रिया से पारदर्शिता और सही सैनिकों का चयन–

**जबलपुर यशभारत।** सेना में भर्ती रैलियों के सुचारू संचालन को सुविधाजनक बनाने और उम्मीदवारों की कठिनाइयों को कम करने भारतीय सेना की भर्ती प्रक्रिया में आमूल चूल बदलाव किया गया है।अब सेना में शामिल होने के इच्छुक उम्मीदवार को सिर्फ आन लाइन प्रक्रिया से आवेदन करना होगा।इसके लिए टी सी एस कंपनी से अनुबंध किया गया है।कंपनी लिखित परीक्षा लेकर चयन सूची देगी।उसके बाद बाकी के दो चरणों की शारीरिक और मेडिकल परीक्षा सेना पूर्व के मानकों के अनुसार लेगी।इसके लिए कंपनी ने पांच सौ रुपये फीस तय की है।जिसमें आधी फीस सेना द्वारा वहन की जायेगी।आधी फीस आवेदक देगा।उक्त जानकारी क्षेत्रीय भर्ती मुख्यालय के डिप्टी डायरेक्टर जनरल ब्रिगेडियर दीपेंद्र मनराय और उनके सहयोगी कर्नल विकास शर्मा ने



पत्रकारों से चर्चा के दौरान दी।उन्होंने कहा कि वर्तमान में युद्ध के आयाम बदले हैं।युद्ध के विभिन्न घटकों में बदलाव होने से चुनौतियां ब? गई हैं।प्रक्रिया में बदलाव से रैली व्यवस्थित होगी।अगली प्रक्रिया में वही शामिल होगा।जिसने लिखित परीक्षा पास की है और आगे वही अगली प्रक्रिया में शामिल होगा। सीईई भारतीय सेना के लिए अग्निपथ भर्ती प्रक्रिया का पहला चरण होगा।इसी के साथ नियमित पदों जैसे फर्मासिस्ट स्टोर कीपर धार्मिक शिक्षक नर्सिंग स्टाफ जूनियर कमीशन्ड अधिकारियों की भर्ती की प्रक्रिया भी इसी तरह रहेगी।अग्निवीर सैनिकों के पहले बैच की भर्ती प्रक्रिया का चरण अप्रैल में पूर्ण होगा और मई माह से नियुक्ति होगी।नये परिवर्तन इस वर्ष यानी भर्ती वर्ष 2023-24 से प्रभावित होंगे। अभ्यर्थी ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा में कैसे उपस्थित हों पर सूचनात्मक वीडियो तैयार किए गए हैं ।जिसे ज्वाइन इंडियन आमी नामक वेबसाइट और यू ट्यूब पर अपलोड किए गए हैं। सभी श्रेणियों के नमूना प्रश्न पत्र के द्वारा भी उम्मीदवार परीक्षा प्रवेश का अभ्यास कर सकते हैं।महिला सशक्तिकरण की प्रेरणा को ध्यान में रखते हुए, विधवा, तलाकशुदा और कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं को भी महिला सैन्य पुलिस भर्ती के लिए आवेदन करने का अवसर दिया गया है।अभ्यर्थियों के लिए एक हेल्पडेस्क भी स्थापित किया गया है, जिसका विवरण जॉइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

कर्मचारी जगत

# शिक्षा विभाग उड़ा रहा सूचना के अधिकार अधिनियम की धज्जियां

**जबलपुर, यशभारत।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत लोक सूचना अधिकारी द्वारा 30 दिवस की समयावधि के अन्दर चाही गई जानकारी दिये जाने का प्रावधाना है, किन्तु शिक्षा विभाग में लोक सूचना अधिकारी संकुल प्राचार्य शास. हाईस्कूल रामपुर जबलपुर द्वारा आवेदक एडवोकेट योगेन्द्र दुबे, को उनके द्वारा चाही गई जानकारी को एक माह से अधिक समयावधि व्यतीत हो जाने के बाद भी कोई जानकारी नहीं दी गई और न ही उनके आवेदन की स्थिति ही स्पष्ट की जा रही है। विभाग में यह चर्चा आम है कि शिक्षा विभाग के अधिकारी अपने भ्रष्टाचार के पापों को छुपाने के उद्देश्य से जानकारी सार्वजनिक करने में कतराते हैं। शिक्षा विभाग आर.टी.आई कार्यकर्ताओं को हताश, परेशान करने के उद्देश से तरह तरह के हतकंडे अपने जाते, उनसे आवेदन की नगद राशि रू 10 न लेते हुए 10 रू का नान ज्यूडिशियल स्टाम मांगा जाता है जो बडी मशक्कत के बाद स्टाम बेण्डर से दोगनी किमत पर मिलते हैं इसी प्रकार जब जानकारी की प्रमाणित प्रतियां देना होती हैं तो लोक सूचना अधिकारियों द्वारा आवेदकों से 2 रूपये प्रति पृष्ठ के मान से राशि को बैंक चालान के माध्यम से चाहा जाती है, जो आवेदक ई-बैंक चालन एम.पी. ऑन लाईन के माध्यम से जमा कराया जाता है, जिसका शुल्क दुगना हो जाता है। जबकि सूचना के अधिकार अधिनियम में नगद राशि प्राप्त कर आवेदक को प्राप्त राशि की रशीद एम.पी. टी. सी -6 में आसानी से राशि प्राप्त कर रशीद दी जा सकती है।

**शिक्षा विभाग में नहीं हो रहा सूचना के अधिकार अधिनियम का पालन**



# रोटरी का 118 वॉ जन्मदिवस आयोजित

**जबलपुर, यशभारत।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा रोटरी का 118 वॉ जन्मदिवस अति उमंग व उल्लास के साथ मनाया गया। अध्यक्ष रोटे.हरीश रीझवानी व सचिव रोटे.रोमेश डेंगरा ने क्लब के मेजर डोनर,मल्टीपल पॉल हैरिस फैलोज तथा पॉल हैरिस फैलोज को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पूर्वअध्यक्ष अरुण कान्त अग्रवाल, निवर्तमान प्रांतपाल सुनील फाटक व निर्वाचित प्रांतपाल रोटे.अखिल मिश्र ने रोटरी की जन्मगाथा, रोटरी से जुड़ने के लाभ एवम रोटरी फाउन्डेशन को दिए जाने वाले योगदान की महत्ता पर प्रकाश डाला। आयोजन में निर्वाचित अध्यक्ष रवि वैश्य, सारंग भिड़े, सीए मनीष कौशल, राजेश गिद्रोनियां, राजेश गुप्ता, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अशोक परियानी, राहुल खत्री, सोनम केसरवानी, अनंत डीके, नरेंद्र बत्रा, अमरेंद्र नारायण, अनुराग जैन, केतन शाह आदि सदस्य उपस्थित थे।

## मप्र को मदिरा प्रदेश कहकर कमलनाथ ने किया प्रदेश की जनता का अपमान

# भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री का पुतला जलाकर किया प्रदर्शन

जबलपुर, यशभारत। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेता कमलनाथ ने मप्र को मदिरा प्रदेश जैसा बयान पूरे प्रदेश की जनता का अपमान है और उनका बयान माताओं बहिनों के हित में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अहाता बंद करने के निर्णय का विरोध भी करना दर्शाता है यह बात भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने भाजपा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बयान के विरोध में पुतला दहन के अवसर पर मालवीय चौक में कही। नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने कहा कमलनाथ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे है, एक जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा इस प्रकार का बयान देना कि मध्य



प्रदेश मंदिरा प्रदेश है यह मध्यप्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता का अपमान है। कमलनाथ के इस बयान ने पूरे मध्यप्रदेश को ठेस पहुंचाई है जिसके लिए उन्हें प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। श्री साहू ने कहा सरकार द्वारा अहाते बंद करने, मंदिर, कॉलेज, स्कूल जैसे सार्वजनिक स्थानों के आसपास शराब दुकान न होने के निर्णय लिए गए, जिसकी समाज में चारों ओर सराहना हो रही है। ऐसे स्वागत योग्य निर्णयों की कांग्रेस नेता आलोचना ही कर सकते है।इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, प्रदेश कार्य सदस्य जीएस ठाकुर, पूर्व महापौर सदानंद गोडबोले, स्वाति गोडबोले, अभिलाष पांडे, एसके मुद्दीन, शरद अग्रवाल, दीपांकर बैनर्जी, अरविंद पाठक, निगम अध्यक्ष रिंकू बिज, नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, महामंत्री रत्नेश सोनकर, रजनीश यादव, अश्विनी परांजपे, अभय सिंह ठाकुर, अंजू भार्गव, हर्षित सिंघई, रंजीत पटेल, कुंडल राव, राघवेंद्र लालू यादव, प्रशांत केसरवानी, श्रीकांत साहू, रूपा राव, योगेंद्र सिंह, संजय यादव, प्रमोद चोहटल, अभिषेक तिवारी, योगेश विलोहा, शिवशंकर पाठक, अशोक रोहितास, योगेश लोखंडे, महेश राजपूत, लवलीन आनंद चंद्रशेखर पटेल, नीरज वर्मा, रवि साहू, शुभम् अवस्थी, सीमा सिंह, मीरा दुबे, प्रियंका श्रीवास्तव, आदि उपस्थित थे।

# पुरानी पेंशन के लिए राष्ट्रपति से लगाई गुहार

## आर्मी वर्कशॉप व्हीएफजे जीसीएफ में हस्ताक्षर अभियान

**जबलपुर यशभारत।** समस्त ट्रेड यूनियनों के द्वारा नेशनल ज्वाइंट काउंसिल फॉर एक्शन के संयुक्त मंच के माध्यम से भारत सरकार की नई पेंशन योजना को रद्द कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें व्हीएफजे में संयुक्त समिति जीसीएफ में मजदूर संघ हथौ?ा और 506आर्मी बेस वर्कशॉप हस्ताक्षरित प्रपत्रों को सुरक्षा संस्थान के महाप्रबंधक कमांडेंट के माध्यम से राष्ट्रपति को प्रेषित किया गया।



व्हीएफजे में संयुक्त संघर्ष समिति के नितिन चाकर नितेश सिंह संतोष सोनी कमल चौहान प्यारे लाल दिवाकर बी एस तोमर श्रीनिवास जितेंद्र दुबे अंकेश सिन्हा अखिलेश्वर नेमा ने हर अनुभाग में जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया।506 आर्मी बेस वर्कशॉप में लाल झंडे के नितेश जैन संजय मालवीय विपिन गोलन अमर खंडेलवाल विद्या शंकर शैलेंद्र प्रहलाद उपेंद्र अजय पटेल आदि ने हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया।जीसीएफ में एआईडीईएफ से संबद्ध मजदूर संघ हथौड़ा ने तोप गाड़ी निर्माणी में एक हजार से अधिक हस्ताक्षर करवाए।




## 27 फरवरी को 16 जिलों में एक साथ निधि आपके निकट 2.0 का आयोजन– ईपीएफओ

**जबलपुर,यशभारत।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा भविष्य निधि सदस्यों की समस्याओं के समाधान हेतु अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों में 27 फरवरी 2023 को एक साथ निधि आपके निकट 2.0 का आयोजन किया जा रहा है। राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने बताया कि 27 फरवरी 2023 को आयोजित च्निधि आपके निकट 2.0ज्के लिए जो थीम संगठन द्वारा निर्धारित की गयी है वह च्भविष्य निधि से भुगतान पर केंद्रीत है जिसके तहत भविष्य निधि से अंतिम भुगतान, भविष्य निधि खातों का अंतरण, मेरा खाता और मेरे खाते को समझना केवायसी तथा यूएएन से संबंधित मामलों को शिविर के दौरान सुना जायेगा और यथासम्भव प्रत्येक मामले का त्वरित निराकरण किया जायेगा। उन्होनें यह भी बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर जिला कार्यालय सतना एवं छिंदवाडा में शिविर का आयोजन यथावत कार्यालय प्रभारियों द्वारा भविष्य निधि कार्यालय परिसर में ही किया जायेगा तथा शेष 13 जिलों जिनमें कटनी, उमरिया, मण्डला, डिंडोरी, नरसिंहपुर शहडोल, अनूपपुर बालाघाट, सिवनी, सीधी, पन्ना, रीवा तथा सिंगरौली शामिल हैं।

## पार्षद के आग्रह पर पहुँचे महापौर

# दीनदयाल उपाध्याय वार्ड का किया गया सघन निरीक्षण

**जबलपुर,यशभारत।** महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था के साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर करने और उसका विस्तारीकरण करने की दिशा में लगातार गंभीरता के साथ प्रयास किये जा रहे हैं। इस दौरान महापौर श्री अन्नू दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी 79 वार्ड के पार्षदों से भी लगातार सम्पर्क एवं संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को भी सुनकर निराकरण करा रहे हैं। इसी कड़ी में वे वार्ड पार्षद मोनिका पुष्पेन्द्र सिंह के आग्रह पर संभाग क्रमांक 6 के अंतर्गत आने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड पहुँचे जहॉं पर पेयजल की व्याप्त समस्याओं के



साथ-साथ साफ-सफाई, एवं नाला नालियों की सफाई से संबंधित शिकायतों का निरीक्षण किया गया और नागरिकों से चर्चा की गयी। इस दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं वार्ड पार्षद श्रीमती मोनिका पुष्पेन्द्र सिंह संयुक्त रूप से भ्रमण किया और विशेषकर वार्ड में व्याप्त पानी की समस्याओं को गंभीरता से देखकर शीघ्र निराकरण कराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। महापौर श्री अन्नू के द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वार्ड पार्षद से लगातार समन्वय व संवाद बनाकर वार्ड में जो भी नागरिक समस्याएँ हैं उन्हें तत्काल निराकरण कराएँ और प्रतिदिन वार्ड पार्षद से सम्पर्क स्थापित करें और उनके बताए कार्यो को भी प्राथमिकता से पूर्ण कराएँ। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक अतुल रैकवार आदि उपस्थित रहे।




## नेत्र दोष विशेषज्ञों की वार्षिक कॉन्फ्रेंस 26 को

**जबलपुर, यशभारत।** डिविजनल ऑप्टोमेट्री वेलफेयर एसोसिएशन (जडोवा) की वार्षिक कॉन्फ्रेंस दृष्टि-2023 रविवार 26 फरवरी को समदड़िया मॉल जबलपुर में होने जा रही है, जिसमें विशिष्ट अतिथि जगतबहादुर सिंह (अन्नू ) महापौर, जबलपुर एवं संस्कारधानी के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अविजित बिश्नोई व मेडिकल कॉलेज के विभाग अध्यक्ष डॉ. नवनीत सक्सेना, स्वाथ्य सेवाएं संचालक एवं चीफ मेडिकल आफिसर डॉ. संजय मिश्रा मुख्य अतिथि रहेंगे। जो नेत्र रोगों के बारे में जानकारी देंगे। इनके अलावा दिल्ली एम्स के साइंटिस्ट डॉ. संजय मिश्रा, जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी की ऑप्टोम सान्या मिश्रा एवं मेडिकल कॉलेज जबलपुर के ऑप्टोमेट्रिस्ट, नेत्र दोष एवं आँखों में होने वाली जटिल समस्याओं के बारे में जानकारी देंगे तथा देश विदेश में उनके इलाज के बारे में हो रहे नएअनुसंधान व उपचार साधनों के बारे में जानकारी देंगे, तथा नेत्र दोषों को बढ़ने से रोकने के उपाय बताए जाएंगे।

# नट बस्ती में निम्न वर्ग के 32 बच्चों को जूतों का वितरण

**जबलपुर, यशभारत।** जायंटस् ग्रुप द्वारा नट बस्ती, मनमोहन नगर में एक प्रोजेक्ट किया गया। मनमोहन नगर स्थित च कुर्मीज भवन में आयोजित एक प्रोजेक्ट में नट बस्ती के निम्न वर्ग के 32 बालक बालिकाओं को ग्रुप द्वारा जूतों का वितरण किया गया। 4 वर्ष से 10 वर्ष तक के बालक बालिकाओं को उत्तम स्तर के जूते वितरित किए गए। सभी बच्चों को बिस्कुट के पैकेट एवं मीठा नमकीन भी दिया गया। इस कार्यक्रम में ग्रुप के अध्यक्ष सी.के .मोदी, प्रशासन संचालक आर पी सोनी, हेमंत खम्परिया,



प्रवीण डोंगरे एवं उषा सोनी के अतिरिक्त विशेष रुप से मध्यप्रदेश शासन के आनंद विभाग की जिला समन्वयक श्रीमती दीप्ति ठाकुर ,डी.टी.सी .गाइड श्रीमती प्रतिभा दुबे एवं च दर्पण रोटी बैंकज्के समाजसेवी सर्वश्री अंकित कुबेर, यश जैन ,अंकित जैन एवं पूजा जैन ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन आर. पी.सोनी एवं आभार प्रदर्शन प्रवीण डोंगरे ने किया।










## चैतन्य महाप्रभु नौ दिवसीय संकीर्तन यात्रा का पत्रक पूजन

# 28 फरवरी से 8 मार्च तक होगी प्रभात फेरी

**जबलपुर, यशभारत।** ग्वारीघाट के साकेत धाम में परम पूज्य स्वामी गिरिशानंद जी महाराज संकीर्तनचार्य पंडित मनमोहन दुबे के सानिध्य में वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। 28 फरवरी से 6 मार्च तक प्रातः 7ः00 से 9ः00 तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चैतन्य महाप्रभु की प्रभात फेरी निकाली जाएगी 7 मार्च को गोपाल लाल जी मंदिर हनुमान ताल से चैतन्य महाप्रभु जन्मोत्सव शोभायात्रा सायं 4ः00 बजे निकाली जाएगी जो लार्ड गंज थाने के पीछे शिव कल्याण मंदिर मैं समापन होगा 8 मार्च को सायं 4ः00 बजे हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में चैतन्य महाप्रभु का अभिषेक एवं फूलों की होली के साथ राधा रानी का पूजन होगा नौ दिवसीय कार्यक्रम का समापन होगा। पत्रक पूजन में नर्मदा महाआरती की संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल डॉक्टर शिव शंकर पटेल अध्यक्ष मंगल सिंह पटेल संयोजक सत्य प्रकाश नामदेव श्याम मनोहर पटेल रामसेवक पटेल अवधेश खरे आदि उपस्थित थे।












स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )

# पुलिस के डॉग स्क्वॉड खेमें में शामिल होगा बेल्जियम डॉग

## वारदातों का पता लगाने में होगी आसानी



**जबलपुर, यशभारत।** अपराधी एवं संदेही की सटीक शिनाख्ती के लिए पहचाने जाने वाला डॉग जर्मन शेफर्ड कई मामलों में पुलिस की उम्मीदों में खरा नहीं उतर रहा है। पुलिस अधिकारियों ने भारी मंथन एवं अन्य देशों के डॉग की कार्यप्रणाली एवं जांच परीक्षण को देखते पुलिस के डॉग स्क्वॉड खेमे में च्बेल्जियम के मालिनोइज' नस्ल के कुत्ते को शामिल करने का निर्णय लिया है। जबलपुर डॉग स्क्वॉड में फिलहाल जर्मन शेफर्ड नस्ल का कुत्ता है, जल्द ही पुलिस को बेल्जियम का मालिनोइज डॉग संपूर्ण ट्रेनिंग के साथ मिलेगा। बेल्जियम मालिनोइज उसी कुत्ते की नस्ल है, जिसका इस्तेमाल अमेरिकी नेवी सील टीम ने ओसामा बिन लादेन को मारने के लिए इस्तेमाल किया था। बता दें यही डॉग अमेरिकी राष्ट्रपति के घर व्हाइट हाउस की भी सुरक्षा करते हैं। मध्यप्रदेश पुलिस के एक लिए किया जाता है। जानकारी अनुसारर बेल्जियम मालिनोइज कुत्तों में सूंघने और हमला करने की क्षमता अन्य कुत्तों की अपेक्षा काफी ज्यादा होती है, जिसके चलते बड़े-बड़े ऑपरेशन में इनका इस्तेमाल कई देशों की पुलिस व अन्य सुरक्षा एंजेसिया करती हैं। पुलिस पड़ताल के लिए यह डॉग काफी काम के हैं, क्योंकि ये किसी अन्य नस्ल की अपेक्षा ज्यादा तेज होते हैं। प्रदेश पुलिस की स्क्वॉड में बेल्जियम के मालिनोइज के होने से पुलिस को काफी मदद मिल सकती है। मध्यप्रदेश में अभी तक इन कुत्तों का इस्तेमाल कान्हा नेशनल पार्क और पेंच टाइगर रिजर्व में वन्य प्राणियों की सुरक्षा और जंगली इलाकों में फैले अवैध कारोबार को रोकने के कुछ माह पहले 23वीं बटालियन ने खरीदा है डॉग बेल्जियम मालिनोइज डॉग को पुलिस की 23वीं बटालियन ने कुछ माह पहले खरीदा था। डॉग को अभी ट्रेनिंग दी जा रही है, जिसके बाद इन्हें बड़े जिलों की डॉग स्क्वॉड में शामिल किया जाएगा। बेल्जियम मेलानॉइज व मालिनोइज डॉग की कीमत 80 हजार रुपए से लेकर 1 लाख रुपए तक है। वहीं इनके खाने का खर्च 8 से 10 हजार रुपए हर महीना है।

### इनका कहना है

डॉग स्क्वॉड खेमें में बहुत जल्द बेल्जियम डॉग शामिल किया जाएगा। फिलहाल दो कुत्तों का पिछले महिने रिटायरमेंट है। जिसके बाद अन्य नस्ल को लाया जा रहा है। फिलहाल बेडे में पांच डॉग शामिल है। जिसमें से तीन बम स्क्वॉड और दो चोरी, मर्डर आदि की वारदातों का पर्दाफाश करने के लिए मौजूद है।

**चंदूलाल सुमन, डॉग स्क्वॉड प्रभारी**

# मझौली स्वास्थ्य केंद्र में सिहोरा से आती थी चाय, ठंडी चाय का बिल 70 हजार

## फर्जी बिल पर साइन करने से मना करने में कर्मी का तबादला



**जबलपुर, यशभारत।** भ्रष्टाचार के किस्से बहुत सुने होंगे लेकिन जबलपुर के मझौली स्वास्थ्य केंद्र में जो भ्रष्टाचार हुआ है उसे कभी न सुना होगा और न कभी पढ़ा होगा। दरअसल स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी अपने लिए सिहोरा से चाय मांगते थे जो पूरी तरह से ठंड हो जाती थी इसी चाय का बिल 70 हजार रूपए होता था। इसका खुलासा उस वक्त हुआ जब प्रोग्राम मैनेजर ने चाय का फर्जी बिल पास करने से इंकार कर दिया। कर्मी की मनाही के बाद उसका तबादला किसी दूसरे जिले में कर दिया गया परंतु भ्रष्टाचार की हदें पार कर चुकें मझौली स्वास्थ्य अधिकारियों को सबक सिखाने के लिए कर्मी ने अपने तबादले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की जहां से न्यायालय ने कर्मी का तबादला रोक दिया गया। बताया जा रहा है के मझौली में भ्रष्टाचार का ये खेल बरसों से यहां चल रहा था लेकिन यहां पदस्थ होकर आए बीपीएम यानि ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अमित चंद्रा ने फर्जी बिलिंग पर रोक लगा दी। बीपीएम ने जब फर्जी बिलों पर साईन करने से इंकार किया और दबाव आने पर यहां के बीएमओ डॉक्टर पारस ठाकुर की शिकायत कर दी तो कार्यवाई उल्टा उन्हीं पर कर दी गई। शिकायतकर्ता कर्मचारी का तबादला मंझौली से दूर दमोह जिले के तेंदूखेड़ा कर दिया गया। अब भ्रष्टाचार के इन पुख्ता सुबूतों के साथ पीड़ित कर्मचारी अमित चंद्रा ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा दिया।

### हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के अलावा संबंधित बीएमओ डॉ पारस ठाकुर और एनआरएचएम यानि नेशनल रुरल हैल्थ मिशन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। भ्रष्टाचार की शिकायत करने वाले कर्मचारी का ही तबादला कर देने वाले स्वास्थय विभाग के अधिकारी फिलहाल मामला कोर्ट में लंबित होने की बात कहकर बयान देने से बच रहे हैं लेकिन हाईकोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब कर लिया है।

## अनुशासहीनता के आरोप लगाकर किया गया तबादला

हाईकोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ता की शिकायत पर लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी बीएमओ डॉक्टर पारस ठाकुर को नोटिस जारी कर जांच शुरू की ही थी कि याचिकाकर्ता के खिलाफ अनुशासनहीनता जैसे आरोप लगाकर बीएमओ ने आला अधिकारियों को शिकायत की जिसके बाद उसका तबादला कर दिया गया। हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार के इन सुबूतों को देखते हुए तत्काल संज्ञान लिया है और याचिकाकर्ता बीपीएम अमित चंद्रा के तबादले पर रोक लगा दी है।

# बीमार भाई ने अस्पताल में तोड़ा दम, बहनों ने किया छोटे भाई का अंतिम संस्कार



**जबलपुर, यशभारत।** जिस छोटे भाई का हाथ पकड़कर साथ में घूमाया था। जिसको बेटे के जैसे पाला था। उस छोटे भाई की मौत के बाद उसकी दो बड़ी बहनों ने नम आंखों से अंतिम संस्कार किया। बहनों के पास इतने रुपए नही थे कि वह अपने छोटे भाई का अंतिम संस्कार कर सके, ऐसे में गरीब नवाज कमेटी ने दोनों बहनों से रानीताल मुक्तिधाम में हिन्दू रीति रिवाज से दाह संस्कार करवाया। मृतक का नाम लक्ष्मण रजक था जो कि अविवाहित था और रिक्शा चलाया करता था। अचानक से ही कुछ माह पहले उसकी तबियत बिगड़ी और गुरुवार की दोपहर जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। छोटे भाई की मौत की जानकारी जब बड़ी बहनों को लगी तो रोते-रोते अस्पताल पहुंची। अब जबकि भाई का अंतिम संस्कार करना था तो दोनों बहनों के आगे गरीबी आ गई। बहनों के पास इतने रुपए नही थे कि वह अपने भाई का संस्कार करवा सके। दोनों बहनों ने रिश्तेदारों से भी मदद मांगी पर कोई आगे नही आया। लाचार बहनें सोच रहीं थी कि कैसे भाई का संस्कार होगा। तब जिला अस्पताल में पदस्थ नर्सों ने गरीब नवाज कमेटी के सदस्यों से दोनों बहनों की परेशानी बताई। थोड़ी देर बाद गरीब नवाज कमेटी के सदस्य इनायत अली जिला अस्पताल पहुंचे और मृतक लक्ष्मण रजक के शव को रानीताल मुक्तिधाम पहुंचे और दोनों बहनों के हाथों अंतिम संस्कार करवाया। इनायत अली ने बताया कि मृतक लक्ष्मण लाल मिट्टी के पास रहता था। दोनों बहनें भी गरीब है यहां- वहां काम करने के बाद ही दो वक्त की रोटी जुटा पाती है। इसलिए गरीब नवाज कमेटी ने अंतिम संस्कार करवाया है।

# अनेकांत ने साहित्यकारों को किया सम्मानित

## मानवता ही मनुष्यता का प्रमाण है

**जबलपुर, यशभारत।** साहित्यिक संस्था अनेकांत ने नगर के साहित्यकारों को सम्मानित किया। अतिथियों ने कहा कि अनेकान्त का यह सम्मान सृजन और मानवीय सेवा का सम्मान है। मानवता जीवन का धर्म और मनुष्य होने का प्रमाण है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी थे।अध्यक्षता श्री शरद भाई पालन ने की।डॉ. संध्या जैन श्रुति के संयोजन में राजेंद्र जैन रतन,राजेन्द्र मिश्रा, राजेश पाठक प्रवीण,डॉ.अरुणा पांडे,संतोष नेमा संतोष,अभिमन्यु जैन,प्रमोद दाहिया, नारायण तिवारी, आशा निर्मल जैन , मनोज शुक्ल, जी. एल.जैन, डॉ. सलपनाथ यादव, के.पी.पांडे बृहद, डी.डी.शर्मा, अर्चना गोस्वामी ,चंद्रकांत जैन एवं आशुतोष तिवारी को उनकी सृजनात्मक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।राजेश पाठक प्रवीण ने सम्मानित साहित्यकारों के व्यक्तित्व का परिचय दिया। वक्ताओं ने कहा अनेकान्त ने 50 वर्षों से अनवरत मासिक काव्यगोष्ठी आयोजित करते हुए इतिहास सृजित किया है।इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संस्था के प्रति सहयोग व समर्पण भाव की शपथ ली। प्रथम चरण का संचालन आशुतोष तिवारी ने किया।प्रारंभ में देवी आराधना श्रीमती अर्चना गोस्वामी एवं प्रमोद दाहिया ने प्रस्तुत की।

### कांग्रेसियों ने घेरा एसपी कार्यालय

# कांग्रेस नेता रीतेश अग्रवाल की कार में आग लगाने वालों को गिरफ्तार करो



**जबलपुर, यशभारत।** कांग्रेस नेता रीतेश अग्रवाल की कार में आग लगाने वालों को गिरफ्तार किया जाए। शिकायत करने क बाबजूद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने में रूचि नहीं दिखाई है। यह मांग लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू के नेतृत्व में सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता-नेताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर, एसपी को ज्ञापन दिया। कांग्रेस नगर अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू सहित अन्य नेताओं ने एसपी को ज्ञापन में बताया गया कि चेरीताल परिजात बिल्डिंग निवासी कांग्रेस नेता रीतेश अग्रवाल की कार में 18 फरवरी को अज्ञात तत्वों ने आग लगा दी थी। घटना हुए 6 दिन हो रहे हैं लेकिन कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को अभी तक नहीं पकड़ा है। इस तरह की घटनाएं शहर में आम हो चुकी है जिससे जनमानस में भय का माहौल है। कांग्रेस नेताओं ने पुलिस अधीक्षक से मांग रखी कि शहर में कोई बड़ी वारदात हो इससे पहले पुलिस को सक्रिय होना पड़ेगा और घटनाओं पर अंकुश लगाना होगा।

### पूर्व ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष और सरपंच विवाद

# माढ़ोताल थाना का घेराव , सरपंच ने कहा, भाजपा नेता से जान को खतरा



**जबलपुर यशभारत।।** बीते एक सप्ताह से ग्रामीण भाजपा में जारी उथल पुथल और आरोप प्रत्यारोप का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें कुछ लोग भाजपा के पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष शिव पटेल और उनके पुत्र को मारते दिख रहे हैं। फिर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें शिव पटेल और उनके पुत्र उन लोगों को पीटते दिख रहे है। बुधवार को भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने एसपी आफिस का घेराव करके ज्ञापन दिया, मारपीट करने वालों को असामाजिक तत्व बताया और उनपर कड़ी कार्यवाही की मांग की। जिसके बाद गुरुवार को दूसरे पक्ष ने माढ़ोताल थाने का घेराव करके टीआई और सीएसपी को ज्ञापन सौंपा, भाजपा नेता पर सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुये, उनसे अपनी जान को खतरा बताया। बीते एक सप्ताह से जारी घटनाक्रम अब भाजपा के लिये मुसीबत बनता जा रहा है। क्योंकि मामला जितना बढ़ रहा है, सत्ता और संगठन की उतनी बदनामी हो रही है। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत सुनकर मामले की छानबीन में जुटी है।

### भाजपा नेता पर गुंडा गर्दी का आरोप

दूसरे पक्ष ने गुरुवार को माढ़ोताल थाने का घेराव कर टीआई और सीएसपी के नाम ज्ञापन सौंपा। शिकायत में भेड़ाघाट के बैनीखेड़ा निवासी 28 वर्षीय राहुल यादव ने कहा, ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम आगासोद में श्रीराम महायज्ञका आयोजन समस्त ग्राम वासियों द्वारा मिलकर किया जा रहा है। जिसके तहत मुझे पार्विसग की व्यवस्था संभालने की ड्यिूटी लगाई गई था, तभी शिव पटेल अपने पुत्र के साथ अपनी फोर व्हीलकर में यज्ञ स्थल पर पहुंचे, मैंने पार्विसग में गाड़ी खड़ी करने को कहा तो वो नाराज हो गये और अभद्रता पर उतारू हो गए। मेरे द्वारा बार-बार निवेदन करने पर शिव पटेल तथा उनका पुत्र मेरी बात मानने को तैयार नहीं हुआ तथा मेरे साथ गाली गलौज करने लगे तथा उसके बाद शिव पटेल अपनी कार से लाठी निकालकर मुझे मारने लगा। मारपीट के मेरे खिलाफ पुलिस थाना माढ़ोताल में झूठा प्रकरण दर्ज करवा दिया गया। मैने भी शिकायत दर्ज कराई जिस पर माढ़ोताल पुलिस द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। भाजपा सत्ता और संगठन के रसूख का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। मुझे उनसे जान का खतरा है। शिकायत में मांग की गई की शिव पटेल और उसके पुत्र के विरुद्ध बिना सत्ता या सरकार के दबाव में आए उचित कानूनी कार्रवाई की जाए तथा उनके विरुद्ध पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की जाए।

### क्या है मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 फरवरी शनिवार को आगासौद गांव में शिव यज्ञ के दौरान पार्किंग को लेकर भाजपा नेता अतुल पटेल का राहुल यादव से विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों आपस में भिड़ गए, इसके बाद दोनों ने एक दूसरों के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल भी हुआ। शनिवार को हुई इस घटना का वीडियो अगले दिन रविवार को सोशल मीडिया में वायरल हुआ, जिसमें कि राहुल यादव भाजपा नेता शिव पटेल और अतुल पटेल के साथ मारपीट कर रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद एक और वीडियो सामने आया जहां पर कि भाजपा नेता शिव पटेल राहुल यादव पर लाठियों से हमला कर रहा है। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत सुनकर मामले की जांच में जुटी है।

# रादुविवि में पूर्व सैनिक संभालेंगे मोर्चा: मुख्य द्वार पर लग रहे कैमरे, जारी होगा आईडी कार्ड

## बमबाजी की घटना को लेकर विवि का निर्णय

**जबलपुर यशभारत।** बीते दिनों रादुविवि परिसर में हुई बमबाजी और विश्वविद्यालय में बढ़ती गुंडागर्दी और असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर लगाम लगाने के लिये अब 1 मार्च से पूर्व सैनिक मोर्चा संभालेंगे। जानकारी के मुताबिक 1 मार्च से आरडीयू की पूरी सुरक्षा व्यवस्था सेवानिवृत्त सैन्य जवानों के हाथों में सौंप दी जाएगी। इसके अलावा वहीं विश्वविद्यालय के समस्त संकायों में अध्ययनरत छात्र - छात्राओं के तत्काल पहचान पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं। वहीं मुख्य प्रवेश द्वार में कैमरे लगाए जा रहे हैं ताकि हर आने - जाने वाले व्यक्ति पर नजर रखी जा सके। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से जो भी प्रारंभिक तौर पर किया जा सकता है, सभी किया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने साफ कर दिया है कि बिना विभाग द्वारा जारी पहचान पत्र के प्रवेश नहीं दिया जाएगा। वहीं विश्वविद्यालय आने वाले दीगर छात्रों को भी अपने काम से संबंधित पूरा ब्यौरा देना होगा। प्रदर्शन कारी छात्रों को भी विभागों और प्रशासनिक भवनों में यूं ही प्रवेश नहीं मिलेगा। जबरिया घूसने वालों को पुलिस कार्रवाई का सामना करना होगा। गौरतलब है की 15 फरवरी को आरडीयू कैंटीन में हुई बमबाजी की वारदात को लेकर लगातार हो रहे प्रदर्शनों से विश्वविद्यालय प्रशासन काफी दबाव में हैं। लिहाजा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर अब आरडीयू प्रशासन सीधे पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करेगा। पुलिस अधीक्षक से मांग की जाएगी कि जल्द से जल्द बमबाजी कर दहशत फैलाने वालों को गिरफ्तार किया जाए, ताकि विश्वविद्यालय में पदर्शनों का दौर थम सके।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 2 कछपुरा नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र सं अधि. /संक्र 02/2022-2023/एम/क्यू-452
दिनांक 23.2.23

**-: भवन नामांतरण सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सविता चौबे पति श्री रमाशंकर चौबे ने मकान प्लाट नं 06 वार्डकमला नेहरू 19 कुल क्षेत्रफल 437.5 विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है जिस किसी व्यकित को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्र 2 कछपुरा में प्रमाण पत्र सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र 2 कछपुरा

**न्यायालय तहसीलदार शहपुरा (भिटौनी), जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र.0166/अ-27/2022-2023
ग्राम घुंसौर पहनं 39
रानिमं शहपुरा

**-: आम इश्तहार :-**

एतद द्वारा आम जनता ग्राम घुन्सौर पहनं 39 रानिमं शहपुरा तहसील शहपुरा जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि ग्राम घुन्सौर पहनं 39 रानिमं शहपुरा तहसील शहपुरा जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 195/1 रकवा 2.62 हे. भूमि पर आवेदक विनय सिंह पिता राजेन्द्र सिंह निवासी खैरी तह. शहपुरा जबलपुर अनावेदक सुमन सिंह पति राजेन्द्र सिंह, विवेक, अंजू सिंह, प्रीति सिंह, रश्मि सिंह सभी के पिता राजेन्द्र निवासी खैरी तह. शहपुरा द्वारा मप्र भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत बटवारा हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त प्रश्नाधीन भूमि में आवेदक एवं अनावेदक के पक्ष में बटवारा किये जाने पर किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 25.2.2023 को न्यायालय में स्वयं या अधिकृत व्यकित अधिवक्ता के माध्यम से अपनी दावा आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक क उपरांत प्राप्त किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.2.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।
पेशी दिनांक - 25/3/2023

तहसीलदार
शहपुरा ( भिटौनी )
जबलपुर

## श्रीमती संतोषरानी जैन का निधन



**जबलपुर।** स्व. हुकुमचंद जैन जी की धर्मपत्नि एवं राकेश जैन पंचम, मनीष जैन कल्लू की माताजी श्रीमती संतोषरानी जैन का स्वर्गवास हो गया है ,जिनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान अंधेरदेव से सुबह 10.00 बजे रानीताल मुक्तिधाम पहुंची जहां उपस्थित समाज के सभी वर्ग के लोगों ने माताजी को नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

**मकान किराए से देना है**

3BHK फ्लैट
शिवहरि अपार्टमेंट
4th फ्लोर D-6
रेंट 20000/- प्रति माह
AC available in all
3 badroom
Contact : 6263185583
8817516005

**शिवाय इण्डस्ट्रीज रिछाई**

प्रोफाइल शीट और टेंट की सामग्री हेतु मार्केटिंग के लिए अनुभवी और योग्य सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

योग्यता- ग्रेजुऐशन
संपर्क करें- 9340164699
अनुभव- 1 वर्ष
ऑफिस का पता- बीजेपी कार्यालय के सामने श्री कृष्णा स्टील के बाजू में रानीताल जबलपुर (मप्र)

## नगर निगम कार्यपालन यंत्री आदित्य शुक्ला को मातृशोक



**जबलपुर।** नगर निगम के कार्यपालन यंत्री हमारे निगम परिवार के मुख्य सदस्य आदित्य शुक्ला जी की 82 वर्षीय माताजीश्रीमती कमला शुक्ला जी का आज देवलोक गमन हो गया है। अंत्येष्टि ग्वारीघाट में संपन्न हुई

**OFFICE. OF THE MUNICIPAL CORPORATION JABALPUR**
S.No./Pmay/2022-23/3091-PRO-737 Jabalpur, Date 23.02.2023

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**

Jabalpur Municipal Corporation invites online proposals from eligible bidders for selection of Marketing Agency for disposal of housing units, under Pradhan Mantri Awas Yojna (PMAY). Interested bidder has to submit EMD amount Rs. 1.00 Lacs in the form of online payment using Debit Card/Credit Card/Internet Banking or System Generated challan in favor of name and Particulars given in Bid Data Sheet.

Interested bidders may visit www.mptenders.gov.in for key dates and detailed RFP document for the assignment.

**Additional Commissioner**
**Jabalpur Municipal Corporation**

# अधिवक्ताओं की हड़ताल को लेकर असमंजस, स्टेट बार कौंसिल ने वापस ली, डिस्ट्रिक बार के वकीलों की हड़ताल



**जबलपुर यशभारत।** अधिवक्ताओं की हड़ताल समाप्ति को लेकर आज असमंजस की स्थिति बनी रही। स्टेट बार कौंसिल ने हड़ताल समाप्ति का ऐलान कर दिया जबकि डिस्ट्रिक बार के अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी थी। एमपी स्टेट बार कौंसिल ने शुक्रवार को प्रतिवाद दिवस मनाने का आह्वान वापस ले लिया। इस सिलसिले में स्टेट बार चेयरमैन विवेक सिंह ने पत्र जारी किया। जिसमें साफ किया गया कि मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व रजिस्ट्रार जनरल राम कुमार चौबे से मुलाकात हो चुकी है। जिसमें अधिवक्ता वर्ग की समस्याओं को गंभीरता से लिया गया। इधर राज्य अधिवक्ता परिषद के सचिव अधिवक्ता राजेश तिवारी ने कहा कि अधिवक्ताओं की विभिन्न मांगों को लेकर मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद की ओर से न्यायालीयन कार्य से विरत रहने का आव्हान किया गया है, जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के समस्त अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहेगें, आज कोई पत्र राज्य अधिवक्ता परिषद् का जारी हुआ है जिसके कारण भ्रामक स्थिति पैदा हो गई है, परन्तु जिला अधिवक्ता संघ को कोई नियमानुसार सूचना प्राप्त नहीं हुई है इस कारण जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर आज न्यायिक कार्य से विरत रहेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में निर्णय लिया गया था कि शुक्रवार, 24 फरवरी को राज्य का कोई भी वकील किसी भी अदालत में पैरवी करने नहीं जाएगा। यह कदम हाई कोर्ट, जिला, तहसील व राजस्व न्यायालयों में वकीलों को हो रही विभिन्न परेशानियों को गंभीरता से लेकर उठाया गया था। स्टेट बार कौंसिल के को-चेयरमैन व मानद सचिव मनीष तिवारी ने जानकारी दी कि पिछले कुछ समय से जबलपुर सहित राज्य के विभिन्न जिलों व तहसीलों से वकीलों की शिकायतें सामने आ रही हैं। जिनके अनुसार वकीलों को व्यवसायिक कठिनाई हो रही है। इसके अलावा वकीलों पर हमले हो रहे हैं। उनके ऊपर झूठे मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। लिहाजा, स्टेट बार इस सिलसिले में हस्तक्षेप करे। इस मांग को पूरा करते हुए स्टेट बार ने एक दिवसीय प्रतिवाद दिवस मनाने का निर्णय लिया है।

# एमपी मतलब मदिरा प्रदेश वाले बयान पर भड़की बीजेपी

# सीएम ने कमलनाथ पर राज्य के अपमान का लगाया आरोप

■ भोपाल, यशभारत।

**पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के एमपी यानी मदिरा प्रदेश वाले बयान पर बीजेपी बिफर गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कमलनाथ का यह बयान प्रदेश के आठ करोड़ लोगों का अपमान है। उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा और चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने भी नई शराब नीति की तारीफ करते हुए कमलनाथ पर निशाना साधा है। बुधवार को छिंदवाड़ा में कमलनाथ ने कहा था कि शिवराज ने एमपी को मदिरा प्रदेश बना दिया है। पूरे राज्य में हर गांव में सस्ती शराब मिल रही है।**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि कमलनाथ का बयान राज्य का और जनता का अपमान है। उन्होंने कहा कि कमलनाथ का राज्य की मिट्टी और संस्कृति से कोई लेना देना नहीं है। वे यहां की जड़ों से नहीं जुड़े हैं। उन्होंने इस टिप्पणी से राज्य के आठ करोड़ नागरिकों का अपमान किया है। यह मध्य प्रदेश की संस्कृति, परंपराओं का अपमान है। शिवराज ने कमलनाथ से सवाल पूछते हुए कहा कि भाजपा ने जनभाअवनाओं और माताओं-बहनों के सम्मान को देखते हुए आबकारी नीति बनाई है, आप बताइये कि मुख्यमंत्री रहते हुए आपने क्या किया। आपने फैसला किया था कि शराब ठेकेदार उपदुकान खोल सकेंगे। आपने लाइसेंस के नियम आसान बनाये। आपने तय किया कि ऑनलाइन शराब की बिक्री और महिलाओं के लिए अलग से शराब की दुकान होगी। भाजपा की नीति नशे को हतोत्साहित करने की है,



इसलिए हमने तय किया कि शराब के सभी अहाते बंद होंगे। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि देश और मध्य प्रदेश को बदनाम करना कांग्रेस का स्वभाव है। कमलनाथ जी का मध्य प्रदेश को च्मदिरा प्रदेशज्कहना उसी स्वभाव का हिस्सा है। सच्चाई यह है कि शराब सेवन को हतोत्साहित करने के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। खुद मुख्यमंत्री रहते हुए शराब की नई-नई दुकानें खोलने को मंजूरी देने वाले कमलनाथ जी इसकी अहमियत नहीं समझेंगे। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार नशे के पूरी तरह खिलाफ है। इसीलिए कैबिनेट ने सभी अहातों को बंद करने का फैसला लिया है। कमलनाथ बेवजह सरकार को बदनाम कर रहे हैं। इधर, भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को उज्जैन, जबलपुर और कुछ अन्य शहरों में कमलनाथ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की कि कमलनाथ अपने बयान के लिए माफी मांगें। बुधवार को अपने गृह क्षेत्र छिंदवाड़ा में कमलनाथ ने कहा था, ‘‘ जब हम कहते हैं कि हम मध्य प्रदेश से हैं तो हमें बताया जाता है कि हम मदिरा प्रदेश से हैं। यह अब मध्य प्रदेश का पूर्ण रूप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अच्छे दिनों का वादा किया था।

# बजट सत्र में आएंगे पांच विभागों के विधेयक

## सीएम बोले– आत्मनिर्भर प्रदेश के निर्माण का बजट होगा

■ भोपाल, यशभारत।



मध्य प्रदेश का बजट सत्र सोमवार से शुरू होगा। इसको लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को समीक्षा बैठक की। सीएम ने कहा कि विधानसीाा में विभिन्न विभागों की ओर से दिये जाने वाले उत्तर स्पष्ट और तथ्यपरक हो। सभी विभाग अपने से संबंधित जानकारियां समय रहते संसदीय कार्य विभाग को उपलब्ध कराएं। बजट सत्र के दौरान अधिकारी मुख्यालय पर ही रहें। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाला बजट आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण को आगे बढ़ाने वाला बजट होगा। बजट में विभिन्न विभागों के लिए किए जा रहे प्रावधानों के संबंध में विभागीय मंत्रीगण बजट प्रस्तुत होने के बाद प्रदेशवासियों से इन प्रावधानों के संबंध में सार्थक संवाद भी करें। बैठक में जानकारी दी गई कि 27 फरवरी से 27 मार्च तक चलने वाले सत्र में 5 विभागों के 8 विधेयक संभावित हैं, जिनमें वित्त विभाग के 3, नगरीय विकास एवं आवास के 2, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, उच्च शिक्षा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग का एक-एक विधेयक शामिल हैं। बैठक में सभी 55 विभागों की शून्यकाल, अपूर्ण उत्तर, आश्वासन और लोक लेखा समिति की लंबित सिफारिशों के संबंध में अद्यतन स्थिति की जानकारी विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की गई।मध्य प्रदेश सरकार का बजट 1 मार्च को विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा पेश करेंगे।

## नक्सली हमले में मौत पर पांच और अपंगता पर चार लाख रुपये की मिलेगी सहायता

■ भोपाल, यशभारत।

नक्सली हमले से प्रभावित होने वाले लोगों की सहायता के लिए मध्य प्रदेश सरकार पहली बार नीति बना रही है। गृह विभाग के अधिकारियों के अनुसार नक्सली हिंसा में पीड़ितों के लिए बनाई जा रही नीति में कई बड़े प्रावधान किए जा रहे हैं। पीड़ित परिवार को जीवन यापन के लिए खदान भी देने का प्रस्ताव है। साथ ही उन्हें सामाजिक न्याय विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ दिया जाएगा। इस नीति को लेकर गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के बीच हाल ही में बैठक हो चुकी हैहमले में मारे जाने पर मृतक के स्वजन को राज्य सरकार की तरफ से पांच लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। साथ ही जीवनयापन के लिए दो एकड़ जमीन और परिवार के किसी व्यक्ति को तृतीय श्रेणी की नौकरी मिलेगी। इसी तरह अपंगता होने पर पीडति को चार लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। हमले में पुलिसकर्मी के बलिदान होने पर 20 लाख रुपये और अपंगता पर चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। विधानसभा चुनाव के पहले सरकार यह नीति लागू करने की तैयारी में है। इसके अलावा नक्सलियों के समर्पण के लिए भी सरकार उदार नीति बना रही है। बता दें कि प्रदेश में बालाघाट, मंडला और डिंडौरी जिले को नक्सल प्रभावित घोषित किया गया है। तीनों जिले में मिलाकर करीब सौ नक्सली सक्रिय हैं। सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित बालाघाट है। यहां मुखबिरी के शक में ग्रामीणों की हत्या की आधा दर्जन से अधिक घटनाएं बीते तीन वर्ष में हो चुकी हैं।

## नाबालिग छात्रा से पूर्व सहपाठी ने किया दुष्कर्म, प्रकरण दर्ज

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के हनुमानगंज थाना क्षेत्र में 12वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपित उसके साथ पहले स्कूल में पढ़ता था और उसी दौरान दोनों की दोस्ती हुई थी। आरोपित भी नाबालिग है। आरोपित ने उसे मिलने के लिए बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के विरोध करने पर उसने शादी का झांसा देकर उसे चुप करा दिया। बाद में भी वह छात्रा का शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता ने जब शादी के लिए दबाव डाला तो उसने दूरी बना ली। पुलिस ने नाबालिग पीड़िता की शिकायत पर दुष्कर्म का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।हनुमानगंज थाना पुलिस के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी ने स्वजन के साथ आकर शिकायत दर्ज कराई। उसमें बताया कि हमीदिया अस्पताल के पूर्वी गेट के पास रहने वाला किशोर उसके साथ नौवीं कक्षा तक पढ़ा था। इस वजह से उनका आपस में परिचय था। नौवीं के बाद दोनों अलग-अलग स्कूल में पढ़ने लगे थे। वर्ष 2022 में उनके बीच फिर बातचीत शुरू हो गई। तीन मई को उसने छात्रा को अल्पना टाकीज के पास मिलने के लिए बुलाया था। वह उसे अपने साथ ले गया और डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी ने घटना के बारे में घर में बताने की बात कही, तो उसने शादी करने का भरोसा देकर उसे चुप करा दिया।

## पढ़ने का बोलकर कमरे में गई 12 वीं की छात्रा फंदे पर लटकी मिली

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के ऐशबाग थाना क्षेत्र में परिजनों के साथ खाना खाकर पढ़ने के लिए अपने कमरे में गई कक्षा 12वीं की छात्रा कुछ देर बाद फांसी के फंदे पर लटकी मिली। पता नहीं कुछ मिनटों में ऐसा क्या हुआ, जिसकी वजह से उसने खुदकुशी कर ली? छात्रा के पास से कोई सुसाइड नोट भी पुलिस को नहीं मिला है। उसके परिजनों ने भी बयान में कोई ठोस वजह नहीं बताई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की पड़ताल शुरू कर दी है। ऐशबाग पुलिस के अनुसार मृतका अरीबा अली, बाग दिलकुशा क्षेत्र में परिवार के साथ रहती थी। वह कक्षा 12वीं की छात्रा थी। बीती रात खाना खाने के बाद घर की पहली मंजिल पर पढ़ने के लिए चली गई। डेढ़ घंटे बाद भी कमरे से बाहर नहीं निकली तो छोटी बहन उसे देखने पहुंची, तो दरवाजा अंदर से बंद था। उसने अनहोनी की आशंका जताते हुए परिजनों को आवाज लगाई तो अरीबा के चाचा मौके पर पहुंचे। वे दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो वह फंदे पर लटकी हुई थी। परिजनों ने फंदा काटकर उसे नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद अरीबा को मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकारी एएसआई काशीराम ने बताया कि सुसाइड नोट मिला है। परिजनों के बदहवाश होने के कारण उनके बयान नहीं हुए हैं। पूछताछ में किसी ने ऐसा कोई कारण नहीं बताया, जिससे आत्महत्या का खुलासा हो सके।

## करोंद में रविंद्र भवन की तर्ज पर बनेगा कन्वेंशन सेंटर, युवाओं के लिए बनेगा खेल परिसर

■ भोपाल, यशभारत।

भोपाल के रविन्द्र भवन की तर्ज पर करोंद क्षेत्र में कन्वेंशन सेंटर बनाया जायेगा। गुरूवार को विकास यात्रा के दौरान चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने यह घोषणा की। मंत्री ने कहा कि करोंद क्षेत्र में करोड़ों की लागत से सर्वसुविधायुक्त कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया जायेगा। इसी के साथ क्षेत्र के युवाओं के लिये भव्य खेल परिसर का भी निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि करोंद क्षेत्र को उपनगर बनाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम सिद्ध होगा। मंत्री ने वार्ड 79 में करोंद चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि रविन्द्र भवन की तर्ज पर करोंद क्षेत्र में करो?ों की लागत से कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया जाएगा। कन्वेंशन सेंटर बहुउपयोगी होगा, जहां बड़े सांस्कृतिक और धार्मिक समारोह सम्पूर्ण भव्यता के साथ हो सकेंगें। मंत्री ने करोंद में चिन्हित स्थान पर खेल परिसर के निर्माण की भी घोषणा की।



## बलगम में आ रहा था खून, जांघ के रास्ते फेफड़े में कैथेटर डालकर

■ भोपाल, यशभारत।

**15 मिनट में खून की नली को किया ठीक**

हमीदिया अस्पताल में बुधवार को मरीज की खांसी में आ रहे खून को रोकने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया। मरीज की जांघ की महाधमनी (आर्टरी) के रास्ते फेंफ? की आर्टरी को ठीक कर दिया गया। टीबी के मरीजों के लिए पहली बार इस तरह की प्रक्रिया का इस्तेमाल किया गया है।जानकारी के मुताबिक पुराने शहर के रहने वाले जावेद खान करीब 20 दिन से बलगम में खून आने से परेशान थे। मरीज ने क्षेत्रीय श्वसन रोग संस्थान में डा निशांत श्रीवास्तव को दिखाया। यहां तमाम उपचार के बावजूद परेशानी दूर नहीं हो रही थी। यहां जांच के बाद पता चला कि मरीज के फेंफ? में इंफेक्शन के कारण आर्टरी में केविटी हो गई थी। केविटी के आर्टरी में छेद हो गया, जिससे खून मरीज के फेंफड़ों में जमा होने लगा था। ऐसे में वह जब भी खांसता तो मुंह से खून आ रहा था। जांच के बाद मरीज को कार्डियोलाजी विभाग भेजा गया। यहां जांच के बाद विभागाध्यक्ष डा. राजीव गुप्ता और रेडियोडाग्नोसिस विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. लवली कौशल ने मरीज का ब्रोंकाइल आर्टरी एम्बुलाइजेशन तकनीक से इलाज करने का निर्णय लिया। मरीज का उपचार कार्डियोलाजी विभाग की कैथलैब में किया गया। डा. लवली कौशल ने बताया कि यह प्रोसीजर इंटरवेंशन रेडियोलाजी विभाग के अंतर्गत किया जाता है। इसमें आर्टरी में तरल पदार्थ या चूर्ण डालकर खून के प्रवाह को रोका जाता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए मरीज की जांघ की आर्टरी में छोटा सा चीरा लगाकर एक कैथेटर डालकर उसे फेंफड़े की आर्टरी के पास पहुंचाया गया।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन मार्च को अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का शुभारंभ करेंगी

■ भोपाल, यशभारत।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 3 मार्च को भोपाल में आरंभ हो रहे 7वें अंतर्राष्ट्,ीय धर्म-धम्म सम्मेलन का शुभारंभ करेंगी। सम्मेलन में 16 देशों के प्रतिनिधि और 6 देशों के संस्कृति मंत्री शामिल होंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की आगामी भोपाल यात्रा के लिए जारी तैयारियों की समीक्षा की। सीएम ने कहा कि अतिथि देवो भवःकी परम्परा के अनुसार पूर्ण गरिमा और आत्मीयता के साथ सम्मेलन का आयोजन किया जाये। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन की व्यवस्थाएं ऐसी हों जिसमें मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर प्रभावी रूप से परिलक्षित हो। विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधि मध्यप्रदेश की सुखद स्मृतियां लेकर अपने देशों में लौटे और मध्यप्रदेश की सकारात्मक छवि वैश्विक स्तर पर निर्मित हो। प्रवासी भारतीय सम्मेलन के समान ही इस आयोजन की तैयारियां की जाये।



राजकीय विमानतल पर हुई बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव संस्कृति सुखबीर सिंह, प्रमुख सचिव अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण पल्लवी जैन गोविल, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना, प्रमुख सचिव जनसंपर्क राघवेन्द्र सिंह और सांची बौद्ध विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. नीरजा गुप्ता उपस्थित रही। बैठक में जानकारी दी गई कि 7वें अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन 3 से 5 मार्च 2023 तक कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की गरिमामय उपस्थिति में 3 मार्च को दोपहर 12.15 बजे से शुरू होने वाले शुभारंभ-सत्र में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सम्मिलित होंगे। शुभारंभ-सत्र में श्रीराम जन्म-भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के स्वामी गोविंददेवगिरि जी महाराज का उद्बोधन भी होगा। अतिथियों द्वारा च्द पेनारोमा ऑफ इंडियन फिलोसपर्स एंड थिंकर्स पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। प्रथम दिवस के दूसरे-सत्र में इंडिया फाउंडेशन की गवर्निंग कॉउंसिल के सदस्य राम माधव की अध्यक्षता में मिनिस्टर-सत्र में भूटान, श्रीलंका, नेपाल और इंडोनेशिया के संस्कृति मंत्री अपने विचार रखेंगे। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों, विश्वविद्यालय के साथ ही अमेरिका, साउथ कोरिया, थाईलेंड, स्पेन, वियतनाम, मॉरीशस, रशिया, भूटान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, नेपाल, मंगोलिया, फ्रांस आदि देशों से आए विद्वान तथा शोधार्थी भाग लेंगे।

## प्रापर्टी ब्रोकर को पत्नी नहीं बेटे ने मारी थी गोली, चली थीं दो गोलियां

■ भोपाल, यशभारत।

अशोका गार्डन थाना पुलिस ने गुरुवार को प्रापर्टी ब्रोकर ताहिर अली की हत्या के बाद फरार उसकी पत्नी अंजुम को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी के साथ ही उसे एक दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई है। इसमें इस बात से पर्दा उठ गया कि घटना के दिन अंजुम ने अपने पति को गोली नहीं मारी थी, बल्कि गोली उसके बेटे ने चलाई थी। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि आरोपित ने गोली चलाने की बात कबूल कर ली है। प्रापर्टी ब्रोकर की हत्या के लिए जिस रिवाल्वर से गोली मारी गई, वह भी मृतक की ही थी, जिसे उसके बेटे ने चुरा लिया था। पुलिस को अब इस मामले में तीन हमलावरों की तलाश है।पुलिस के मुताबिक मयूर विहार कालोनी अशोका गार्डन निवासी 49 साल के ताहिर अली प्रापर्टी ब्रोकर थे। पुराने शहर में रहने वाली उनकी दूसरी पत्नी अंजुम से उनका प्रापर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। गत रविवार को अंजुम अपने बेटे सिद्दीक और उसके नाबालिग छोटे भाई तथा राम विश्वकर्मा समेत अन्य को लेकर ताहिर के घर पहुंची थी, जहां उसका ताहिर की पहली पत्नी हुमा से विवाद हो गया। इस दौरान बाथरूम से बाहर निकले ताहिर ने अंजुम को समझाने का प्रयास किया तो उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। बाद में सभी आरोपित फरार हो गए थे।



## विकास यात्राओं की रिपोर्ट के साथ बीजेपी ने 52 जिला अध्यक्षों और पदाधिकारी को तलब किया

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2023 में है। इसके साथ ही बीजेपी चुनावी मोड में काम कर रही है। बीजेपी ने शिवराज सरकार की तरफ से निकाली जा रही विधानसभा वार विकास यात्राओं की रिपोर्ट के साथ सभी 52 जिला अध्यक्षों और पदाधिकारियों को भोपाल बुलाया है। प्रदेश बीजेपी ने रविवार को सभी जिला अध्यक्षों और पदाधिकारियों की भोपाल में बैठक बुलाई है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा और पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश मौजूद रहेंगे। बीजेपी ने विकास यात्राओं की विधानसभा वार रिपोर्ट तैयार कराई है। इन रिपोर्ट और पदाधिकारियों के फीडबैक के आधार पर बीजेपी संगठन को विस्तार और मजबूत करने का काम किया जाएगा।



### जनता की नाराजगी दूर करने बनेगी रणनीति

विकास यात्रा के दौरान कई विधानसभा में लोगों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। इसको बीजेपी ने गंभीरता से लिया है। अब बैठक में लोगों की नाराजगी दूर करने और संगठन को मजबूत करने की रणनीति बनाने पर चर्चा होगी। वहीं, कमजोर प्रदर्शन वाले जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र में अपनी स्थिति सुधारने के लिए कहा जाएगा।

### 25 फरवरी तक निकलेगी विकास यात्रा

शिवराज सरकार प्रदेश में विकास यात्राएं निकाल रही हैं। 5 फरवरी से शुरू विकास यात्राएं 25 फरवरी तक निकलेंगी। विकास यात्राओं के दौरान जनप्रतिनिधि लोकार्पण और शिलान्यास के कार्य कर रहे है। यात्रा में कई जगह योजनाओं और मूलभूत सुविधाएं नहीं होने पर यात्रा को जनता की नाराजगी का सामना भी करना पड़ रहा है। अब बीजेपी लोगों के आक्रोश को दूर करने की रणनीति पर काम कर रही है।

### बूथ को मजबूत करने पर फोकस


वहीं, बीजेपी 2018 की भूल दोबारा नहीं करना चाहती है। इसके लिए बीजेपी को फोकस अपने बूथों को मजबूत करने पर है। इसके लिए बूथ विस्तारक अभियान भी चलाया जा रहा हैं। जिसमें पदाधिकारियों को तकनीकी रूप से मजबूत किया जा रहा है। एप पर ही पदाधिकारियों से संगठन अब गतिविधियों की जानकारी लेगा। इसकी भी जानकारी दी जाएगी।

## दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद मिर्ची बाबा का डीएनए टेस्ट हुआ

### पीड़िता बोली– यह बहुत बड़ा पापी

■ भोपाल, यशभारत।

रायसेन की 28 वर्षीय महिला को संतान का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले मिर्ची बाबा उर्फ वैराग्यानंद गिरि जमानत नहीं मिलने से बेचैन हैं। गुरुवार को डीएनए के लिए सैंपल लेने पुलिस उन्हें जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंची थी। सुरक्षा के बीच आरोपी मिर्ची बाबा का डीएनए सैंपल लिया गया, इसके बाद उन्हें जेल वाहन से वापस भोपाल केंद्रीय जेल भेज दिया गया है। पुलिस महिला को भी इस बीच अस्पताल लेकर पहुंची थी। अस्पताल परिसर में पीड़िता ने जैसे ही मिर्ची बाबा को देखा वह भड़क गई। आरोपी को दूर से देखकर महिला ने कहा कि वह भगवा वस्त्र क्यों पहना है, भगवा को



भी बदनाम कर रहा है। यह सबसे बड़ा पापी है, इसे तो फांसी होना चाहिए। न जाने मेरे जैसी कितनी महिलाओं को बच्चे का लालच देकर अपनी दरिंदगी का शिकार बनाया होगा। बता दें कि 8 अगस्त 2022 को मिर्ची बाबा को भोपाल पुलिस ने ग्वालियर से गिरफ्तार किया था और भोपाल आई थी। 6 अगस्त को रायसेन की महिला ने महिला थाने में मिर्ची बाबा पर मिनाल रेसीडेंसी स्थित आवास की पहली मंजिल में बने कमरे में भभूत के नाम पर नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया था।

### कोर्ट के निर्देश पर लिया सैंपल

महिला थाना प्रभारी अंजना धुर्वे के अनुसार गिरफ्तारी के वक्त आरोपी का डीएनए जांच के लिए सैंपल नहीं लिया गया था। अब अदालत के संज्ञान में लाकर निर्देश प्राप्त कर डीएनए के लिए सैंपल लिया गया है। मिर्ची बाबा के अधिवक्ता श्रीकृष्ण धौसेला ने कहा कि पुलिस ने उनके मुवक्किल का दो बार मेडिकल कराया है, इसके लिए क्या पूरी कानूनी प्रक्रिया की गई है या नहीं।

### अदालत से करेंगे जांच की मांग

मिर्ची बाबा के अधिवक्ता धौसेला ने कहा कि वैराग्यानंद गिरि नागा साधु हैं। संन्यास की दीक्षा लेते वक्त विधि-विधान से कई प्रक्रियाएं संपन्न कराई जाती हैं, जिसके बाद वे शारीरिक संबंध बनाने की क्रिया में असमर्थ हैं। विद्वेष के कारण उसके खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया गया है। पांच सदस्यीय डॉक्टर की टीम से संबंध बनाने की क्रिया (पोटेंसी टेस्ट) संबंधी जांच कराई जाए।

## रेत खदानों की होगी जियो फेंसिंग, सेटेलाइट से रखी जाएगी नजर


**भोपाल यशभारत।** प्रदेश में रेत खदानों की जियो फेंसिंग की जाएगी और अवैध उत्खनन पर सेटेलाइट से नजर रखी जा सकेगी। कंट्रोल रूम भोपाल में होगा। गतिशक्ति पोर्टल पर भी इसका पूरा मैप उपलब्ध होगा। जियो फेंसिंग के बाहर खनन प्रतिबंधित होगा। अगर फेंसिंग के बाहर खनन किया जाता है तो कंट्रोल रूम में अधिकारियों को तत्काल इसकी जानकारी मिलेगी।विभागीय अधिकारियों के मुताबिक रेत खदानों का ड्रोन से सर्वे कराया जाएगा। इसके लिए शासन के ड्रोंन के अलावा ड्रोन उपलब्ध कराने वाली निजी कंपनियों की भी सेवाएं ली जाएगी। पिछले वर्ष पायलट प्रोजेक्ट के रूप में भिंड जिले की रेत खदानों का ड्रोंन से सर्वे कराया जाना था, लेकिन नहीं कराया जा सका।

## पटवारी के लिए एक हजार पीएचडी

### 85 हजार बीटेक व एक लाख एमबीए डिग्रीधारी अभ्यर्थी

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की पटवारी एवं ग्रुप-2 सब ग्रुप -4 के 9073 पदों पर भर्ती के लिए करीब 12 लाख आवेदन हुए हैं। इसमें 6,755 पटवारी पदों के लिए उच्च डिग्रीधारियों की कतार लग गई है। पीएचडीधारी करीब एक हजार आवेदकों ने पटवारी बनने के लिए आवेदन किया है। वहीं 85 हजार बीटेक, एमबीए वाले एक लाख ने आवेदन किया है। इसके अलावा इंजीनियरिंग डिप्लोमा वाले साढ़े पांच हजार और नौ लाख स्नातक पास अभ्यर्थी इस भर्ती परीक्षा परीक्षा में शामिल होंगे। उपसमूह-4 सहायक अग्निशमन अधिकारी एवं समकक्ष पदों की सीधी एवं बैकलाग भर्ती और भू-अभिलेख, राजस्व विभाग के अंतर्गत पटवारी पद के लिए संयुक्त परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा 15 मार्च से दो पाली में शुरू होगी।यह परीक्षा दो चरणों में होगी। पहला चरण की परीक्षा का समय सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। दूसरे चरण का समय दोपहर 2.30 से शाम 5.30 बजे तक रहेगा। यह



परीक्षा भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, रतलाम, सतना, खंडवा, नीमच, मंदसौर, सीधी, रीवा, सागर में आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा 200 अंकों की होगी। 100 अंकों के पेपर में सामान्य विज्ञान, सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य गणित के प्रश्न पूछे जाएंगे। दूसरे 100 अंक के पेपर में सामान्य ज्ञान और अभिरूचि, सामान्य कंप्यूटर ज्ञान, सामान्य तार्किक योग्यता और सामान्य प्रबंधन से प्रश्न पूछे जाएंगे।

पीएचडी डिग्रीधारी- एक हजार आवेदक
बीटेक- 85 हजार आवेदक
एमबीए- एक लाख आवेदक

# विकास यात्रा का ग्राम पंचायत कुंडम ने किया स्वागत
# महिलाओं को बांटे गये सिगड़ी चूल्हा





**कुंडम , यशभारत।** विकास यात्रा में मध्य प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस दौरान सिगड़ी चूल्हा भी बांटे गए । विकास यात्रा में कुंडम नगर में बस स्टैंड रंगमंच में ग्राम पंचायत सरपंच अर्चना साहू उपसरपंच रविंद्र चुन्नू साहू पूर्व सरपंच राजकुमार साहू एवं समस्त पंचों द्वारा मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास यात्रा का कार्यक्रम रखा गया जिसमें सिहोरा विधायक नंदनी मरावी विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू जनपद अध्यक्ष सुरेंद्र धुर्वे द्वारा माता सरस्वती का पूजन कर विकास यात्रा का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया विधायक नंदनी मरावी ने मध्य प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे संबल योजना, आयुष्मान कार्ड, लाडली लक्ष्मी योजना ,अनेक प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही विधायक ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विकलांग, विधवा, निराश्रित, लोगों को 400 और बढ़ाकर 1000 प्रतिमाह सरकार देगी और कुंडम में बाउंड्री वाल निर्माण कार्य मंगल भवन के लिए 5 लॉख74 हजार, बाउंड्री वाल निर्माण कार्य शांति धाम कुंडेश्वर रोड के लिए 14 लाख 62 हजार, झंडा चौक रंगमंच सिंगार कक्ष 3 लाख, ग्राम पंचायत भवन परिसर अतिरिक्त भवन 5 लॉख, आरसीसी स्लैब नाली निर्माण कार्य वार्ड नंबर 3 में 1 लाख19 हजार, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शाला परिसर में बाउंड्री वाल निर्माण 350000 इन कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया गया और हरदौल मंदिर के लिए 200000 बस स्टैंड रंगमंच के लिए एक लाख पहले एक लाख और इसके बाद कुंडम की गरीबी रेखा से नीचे जुड़ी महिलाओं को सिगड़ी वितरण की गई इस कार्यक्रम में उपस्थित जनपद अध्यक्ष सुरेंद्र धुर्वे कमलेश साहू राजेश साहू राधेश्याम साहू विजय बहादुर अशोक जैन जनपद सदस्य रेखा मिश्रा नायब तहसीलदार नेहा जैन शेख रफीक पंच, मदनलाल मंदे पंच, दिनेश नायक ज्ञान सिंह सचिव हेमराज झारिया सरपंच ,एवं कुंडम ग्राम पंचायत के समस्त पंच गणों एवं कर्मचारियों का इस कार्यक्रम में सराहनीय योगदान रहा।

## अश्वनी कुमार पाठक के बाल साहित्य पर एक और पी एच.डी.

**सिहोरा, यशभारत।** नगर के वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक के बाल साहित्य पर एक और पीएच.डी. होने जा रही है। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय हिसार (हरियाणा) को प्रस्तुत पी एच. डी. हिंदी के प्रस्तावित शोध-प्रबन्ध की रूपरेखा का विषय है-% अश्वनी कुमार पाठक के बाल साहित्य का समीक्षात्मक अध्ययना% शोधकत्री अनुजागलान द्वारा किये जा रहे इस शोध- कार्य का निर्देशन ओम स्टर्लिंग विश्वविद्यालय हिसार की प्रोफेसर (डॉ.) सुनीता सिंह द्वारा किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि श्री पाठक के बाल - काव्य पर डॉ. हनुमंत जगताप प्रो? एवं अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, न्यू आर्ट्स, कामर्स एंड साइंस, कालेज अहमदनगर (महाराष्ट्र) के निर्देशन में शोध-छात्रा प्रियंका नवनाथ शेट पारकर द्वारा -ॅपरशुराम शुक्ल और अवनी कुमार पाठक के बालकाव्य का तुल्नात्मक अध्ययन पर भी शोध कार्य निष्पादित किया जाना



## पूर्व सांसद की जन्म जयंती मनाई गई

**कुंडम, यशभारत।** बघराजी प्रखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं राज्यसभा सांसद पंडित चंद्रिका प्रसाद त्रिपाठी की जन्म जयंती पर बघराजी में उनके पोते पंडित सुकीर्ति मनु त्रिपाठी ने कुंडम ब्लॉक के लोगों की समस्याओं के निवारण जन सेवा का संकल्प लेते हुए सिविल लाइन बघराजी में कांग्रेस कार्यालय की शुरुआत की है जिससे क्षेत्र के लोगों को कहीं भटकना न पड़े समय पर उनके काम हो कोई कर्मचारी अधिकारी क्षेत्र की जनता को परेशान ना कर सके जिसका उद्घाटन सुकीर्ति त्रिपाठी ने अपनी मां श्रीमती संगीता त्रिपाठी से आशीर्वाद लेकर उनसे ही कार्यालय का फीता करवाया अपनी माता श्री के चरण वंदन कर उनसे आशीर्वाद लिया कि मैं इस क्षेत्र की जनता को बिना भेदभाव के बेहतर सेवाएं दे सकूं ऐसा मुझे आशीर्वाद दे पहले उन्होंने अपनी माता श्री को कार्यालय की मुख्य चेयर पर स्थान दिया आशीर्वाद लेने के तदुपरांत उनकी माताजी ने कार्यालय की प्रमुख गद्दी पर अपने बेटे को आसीन कर आया और आशीर्वाद दीया इसके पहले उनके दादा प्रखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजसभा सांसद पंडित चंद्रिका प्रसाद त्रिपाठी की 102 वी जन्म जयंती मनाई गई जिस पर श्री त्रिपाठी के चित्र पद पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद एक सभा का आयोजन किया गया कार्यालय की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई इस कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक नन्हे लाल धुर्वे खिलाड़ी सिंह राम कुमार सोनी मुन्ना सिंह मरावी जिला पंचायत सदस्य प्रदीप पटेल एकता ठाकुर खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेश सोनी श्री सुरेंद्र खरे युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पारस जैन पार्षद राजेश चौबे बाबा कुरेशी उपसरपंच प्रणव सोनी मनीष सोनी श्रीमती संगीता त्रिपाठी महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती डेंगरी मैडम मोहम्मद अकरम खान अप्पू बागरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पंडित अंबिका प्रसाद त्रिपाठी को पुष्पांजलि अर्पित की उनके द्वारा किए गए कार्य एवं उनकी सहजता सरलता से उन्होंने अपनी जीवनशैली व्यतीत की इस पर सभी ने प्रकाश डाला सभी ने उनके पद चिन्हों पर चलने एवं जन सेवा करने का संकल्प लिया इस अवसर पर सुशील राय विपिन जायसवाल दुर्गा गुप्ता फूलचंद नामदेव पंडित राजा मालगुजार श्रीमती दुर्गा धुर्वे सरवन रजक विपत लाल धनगर श्रीमती प्रीति सिंह अशोक ठाकुर राजकुमार विश्वकर्मा लकी सोनी बैजनाथ विश्वकर्मा जनक लाल विश्वकर्मा देवरी सरपंच नरेंद्र सिंह एसपी विश्वकर्मा सोनू रजक सोनेलाल विश्वकर्मा उपसरपंच संदीप साहू मुकेश साहू ददुआ बागरी प्रमोद पटेल गुड्डू पटेल संजय विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे इस कार्यक्रम में जलपान स्वल्पाहार की बेहतर व्यवस्था की गई थी मंच संचालन खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेश सोनी द्वारा किया गया.

# धर्म की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण ने किया रुकमणी से विवाह-रमाकांत पौराणिक





**सिहोरा, यशभारत।** निकटवर्ती ग्रांम खितौला पडवार में चल रही सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में पंडित रमाकांत पौराणिक ने श्रीकृष्ण रुकमणी के मंगल विवाह की मीमांसा करते हुए कहा की भगवान को सच्चे मन से पुकारो तो वे अपने भक्त के लिए दौडे चले आते है। पौराणिक जी ने आगे कहा की रुकमणी विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री थी तथा वह भगवान श्रीकृष्ण से अनन्य प्रेम करती थी। प्रभु श्रीकृष्ण भी रुक्मणी को चाहते थे लेकिन रुक्मणी का भाई रुक्मी उनका विवाह दुष्ट राजा शिशुपाल से तय कर दिया था तथा शिशुपाल बारात लेकर भी आ गया। रुक्मणि ने श्रीकृष्ण को संदेश भिजवाया और भगवान भी अपने भक्त का संदेश पाकर सहायता करने निकल पडे तथा भगवान से विवाह करने रुक्मणी भी सहेलियों के साथ मंदिर पूजन करने के बहाने जाती हैं।वहां भगवान श्रीकृष्ण आते है और रुक्मणि का हरण कर रथ में ले जाते है इस तरह भगवान श्री कृष्ण का प्रथम विवाह रुक्मणि के साथ हुआ। कथा स्थल पर भगवान श्री कृष्ण एंव रुकमणी के विवाह की सुसज्जित पात्रों का जीवंत प्रस्तुतीकरण किया गया तथा सभी भक्त बाराती बने थे।कथा के पूर्व छकोडी लाल,श्रीमती कमला तिवारी, पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी, राजेश तिवारी,चन्द्रभान सुनीता तिवारी,आई बी रिन्कूतिवारी, रामनारायण संध्या तिवारी, राममनोहर सरिता तिवारी, सुनील निधी तिवारी, अभिषेक अंजली तिवारी, नीलेश विजयश्री तिवारी तनु तिवारी आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।

## भाजपा मण्डल कुण्डम की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**कुंडम, यशभारत।** भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सुभाष रानू तिवारी के मुख्य अतिथ्य, व संतोष बरकडे अध्यक्ष जिला पंचायत जबलपुर , श्री राजेश दाहिया जिला महामंत्री,ु रेंद्र ठाकुर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कुण्डम,की उपस्थिती मै संगठन के विषयों पर व क्रेन्द्र सरकार, राज्य सरकार की योजनाओं पर चर्चा की गई,जिला अध्यक्ष जी द्वारा कार्यकर्ताओ को सम्बोधित किया गया, इस कार्यक्रम मण्डल अध्यक्ष राजेश साहू, कमलेश साहू,डॉ राजू साहू,पुहप सिंह ठाकुर, श्याम बिहारी वरकडे, बिहारी सिंह भवेदी, सुरविन्द यादव, रवि झारिया, शिवांशु जायसवाल,राहुल निगम,सुशील पांडेय, मुकेश झारिया, चरण झारिया, ओम सिंह, अशोक वरकडे, मून्ना मरकाम, मरावी, पवन दिवान, नरेश ठाकुर, नत्थू मरावी, नरेंद्र मरावी, चेतराम भवेदी,एवं भाजपा मण्डल कुण्डम पदाधिकारी गण, कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायतों में निकल रही विकास यात्रा, कार्यों का लोकार्पण

**पनागर , यशभारत।** ग्राम पंचायत मुड़िया में विधायक निधि द्वारा प्रदत्त राशि 14 लाख 90 हजार से निर्मित सार्वजनिक सेड का लोकार्पण विधायक सुशील तिवारी इंदू द्वारा किया गया एवं विकास यात्रा के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड संबल कार्ड जाति प्रमाण पत्र भू अधिकार प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया कार्यक्रम पर ग्राम पंचायत मुड़िया के सरपंच शशिकांत पांडे जनपद अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल अशोक पांडेय मनीष पांडे संजीव पांडे आदर्श पांडे जनपद सदस्य अरविंद पटेल राजेश पटेल आनंद जैन अंकुर जैन अमरनाथ दुबे इंद्र कुमार पटेल



भैया जी पांडे गणपत सेन हर्षवर्धन तिवारी जानकी पटेल कृपा ठाकुर रितु बैरागी सोम बाइ अंशु बर्मन दशरथ पटेल अजीत पटेल राम पटेल रामकुमार पटेल राधेश्याम विश्वकर्मा सचिव सुभाष पटेल एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे

## नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

**गोटेगांव, यशभारत।** नगर के स्कूल गुरुकुल इंटरनेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल में दिनांक 22 फरवरी 2023 दिन बुधवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया जिसमें आंखों की जांच कराई जाएगी जैसे धुंधला दिखना ,आंखों के सामने धब्बे आना, आंखों में पानी आना, आंखें लाल दिख ना,आंखों में जलन होना, आंखों में कीचड़ आना, पढ़ने से सिर का दुखना, आंखों में खुजली होना ,आंखों में थकावट आना आदि समस्या है तो उनकी जांच की गई जिसके लिए ऑप्टोमेट्रिस्ट संदीप चौधरी ने नेत्रों की जांच की। शिविर सुबह 11 बजे से 2 बजे तक चला। शिविर मे कुल 250 बच्चो एवं शिक्षिको की जांच की गई और बच्चो को उनकी जरूरत और सुविधा के अनुसार दवा आई ड्रॉप और चश्मा लगाने की सलाह दी। सभी बच्चो को स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक भोजन का सेवन करने तथा नित्य व्यायाम करने की सीख दी। इस दौरान स्कूल की प्राचार्या श्रीमती करूणा दुबे, सिया पटैल, श्रीमती नमिता सराठे, शहाना खानम ,अदिति पटैल आदि शिक्षकों की उपस्थिति रही।




## गोटेगांव में अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थल का हुआ भूमि पूजन

**गोटेगांव, यशभारत।** आज गोटेगांव नगर के हृदय स्थल नया बाजार में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की विशाल प्रतिमा स्थल का भूमि पूजन युवा नेता मणिनागेंद्र सिंह मोनू भैया के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान गणेश के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया उसके पश्चात फावड़े कुदाल से युवा नेता श्री मणिनागेंद्र सिंह जी ने भूमि पूजन को संपन्न किया।पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष टावल सिंह सिलावट जिला अध्यक्ष गौरीशंकर सिलावट,प्रदेश महामंत्री दीनू छिरा,प्रदेश सहमीडिया प्रभारी संजू चौहान राजेन्द्र छिरा, उपाध्यक्ष परमसिह मिहोलिया जितेंद्र चांदोरिया, सुरेंद्र पिपरोलिया,अध्यक्ष दौलतसिंह, रेवाराम असैया, राजाराम कस्तवार प्रवक्ता, संतोष दौहैया, बुधराज सिंह,उमाशंकर छिरा बीआसी,रंजीत पिपरोलिया,सहित एवं नगर के सभी पार्षद समेत अन्य नागरिक उपस्थित रहे ।



# दमोहनाका कंट्रोल कमांड सेन्टर पहुंचे महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू''

**जबलपुर,यशभारत।** नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के द्वारा दमोहनाका स्थित कंट्रोल कमांड सेन्टर संचालित किया जा रहा है। जहॉ पर कचरा गाड़ी, सिटी बस, के रूट ट्रेक सिस्टम के साथ-साथ नागरिकों से मिलने वाली फीडबैक और शिकायतों को दर्ज किया जाकर समाधान करने की प्रक्रिया की जा रही है। जिसका निरीक्षण करने आज सुबह-सुबह 09:00 बजे महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' पहुॅचे। महापौर श्री अन्नू वहॉ के तकनीकी अधिकारियों से कंट्रोल कमांड सेन्टर में संचालित सभी गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली और प्रक्रिया को देखा और समझा। उन्हों ट्रैक सिस्टम की सराहना करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जितनी भी जानकारियॉ यहॉ एकत्रित होती है, उन सभी जानकारियों से उन्हें भी प्रतिदिन अवगत कराया जाये, ताकि सिस्टम में और व्यापक सुधार लाया जा सके। निरीक्षण



के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा तकनीकी अधिकारियों से महापौर हेल्प लाइन की भी समीक्षा की गयी और सभी शिकायतों को गंभीरता तथा प्राथमिक लेवल पर ही निराकरण कर नागरिकों को राहत प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा शहर के नागरिकों के हित में लगातार अद्योसंरचना एवं विकास कार्यो को कराये जाने के साथ-साथ नवाचार किये जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत महापौर हेल्प लाइन की उनके द्वारा शुरूआत की गई, इसके साथ-साथ सभी संभागीय कार्यालयों में शिकयत पेटी रखवाई गयी। इसके अलावा महापौर स्वयं प्रतिदिन लगभग 500 से अधिक लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याऍ सुनकर त्वरित समाधान कर रहे हैं। गौरतलब है, कि नगर निगम की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित शिकायतें हो अथवा शिक्षण संस्थाओं, अस्पतालों, एवं अन्य मूलभूत समस्याओं पर भी त्वरित अमल करते हुए उनका समाधान किया जा रहा है। स्कूल की फीस माफ कराने की हो या अस्पतालों के बिल कम कराने हो सभी प्रकार की मदद जरूरतमंदों को लगातार कर रहे हैं। इस मौके पर सहायक आयुक्त श्रीमती अंकिता जैन, संभव अयाची, श्रीमती शिवांगी महाजन, तकनीकी अधिकारी बालेन्दु शुक्ला, अंकुर खरे आदि उपस्थित रहे।

## रजक समाज ने मनाई संत गाड़गे महाराज की जयंती



**जबलपुर यशभारत/** संत गाड़गे महाराज की जयंती के अवसर पर सयुंक्त रजक समाज सभा ग्वारीघाट समिति के द्वारा रजक धर्मशाला ग्वारीघाट में एक आयोजन किया गया. इस अवसर पर संत गाडगे महाराज एवं माँ नर्मदा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और दीप प्रज्वलित कर वंदना की गई. इसके बाद माँ नर्मदा के तट पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे का लाभ वहां उपस्तिथ हजारों लोगो के द्वारा लिया गया. इस कार्यक्रम में सयुंक्त रजक समाज सभा ग्वारीघाट समिति के अध्यक्ष रमेश रजक, सचिव राजेंद्र रजक, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश रजक उपाध्यक्ष सुदामा रजक, नीरज रजक, संयुक्त सचिव आलोक रजक, वरिष्ठ समाज सेवी राम चरण रजक, सदस्य विशाल रजक, हिमेन्द्र रजक, सर्वेश रजक एंव अमिति के अन्य सदस्य और समाजसेवी उपस्थित रहें. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संयुक्त सचिव आलोक रजक के द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया.

## शिव विवाह संस्कृति का उद्गम



**जबलपुर, यशभारत।** दया नगर स्थित चेतराम मढ़िया हनुमान मंदिर में चल रही शिव पुराण में कथावाचक पंडित सतीश महाराज ने कहा कि शिव विवाह संस्कृति का उद्गम है। सभी देवी देवता नाग किन्नर गाण विवाह सम्मिलित हुए थे । आज ही हमारी संस्कृति शिव विवाह को ही अंगीकृत करती है व्यासपीठ का पूजन डॉ अरुण मिश्रा यदुवंश मिश्रा धनंजय बाजपेई अखिलेश मेहता अशोक चौरसिया अजय गुप्ता रमेश कोहली विकास नरवरिया सुधीर तिवारी ममता पटेल नारायण पटेल संजय अम्बैरे किशन पटेल अमित सोनी,उपेन्द नीरज शुक्ला , किशन सोनी अजय पटेल अजय गुप्ताममता , विजय गुप्ता विजय साहू ने किया

## अमन सोनकर ने किया रेलवे स्कूल का नाम रोशन



**जबलपुर यशभारत।** हैदराबाद में आयोजित ताईकवोंडो फेडरेशन ऑफ इंडिया प्रतियोगिता में पश्चिम मध्य रेल के महिला कल्याण संगठन जबलपुर द्वारा संचालित डब्लू एस ई सी केजी हाई स्कूल के कक्षा 9वी के छात्र अमन सोनकर ने ताईकवोंडो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय ताईकवोंडो कैडेट बालक एवं बालिका वर्ग फाइट एवं पुम्से चैम्पियनशिप 2023 में चयनित होकर स्कूल का नाम रोशन किया है उपरोक्त चैम्पियनशिप का आयोजन 24 से 26 फरवरी 2023 तक हैदराबाद (तेलंगाना) में होना है इस उपलक्ष्य में पश्चिम मध्य रेल डब्लू डब्लू ओ जबलपुर मंडल की अध्यक्ष श्रीमती गुरमीत कौर द्वारा अमन सोनकर को नगद राशि से सम्मानित किया गया एवं शाला की प्राचार्या श्रीमती आशा अवस्थी के द्वारा छात्र अमन सोनकर को बधाई देकर भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उत्साह वर्धन किया। छात्र अमन द्वारा पूर्व में भी राष्ट्रीय स्तर पर ताईकवोंडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।

## जबलपुर सहित 10 स्टेशनों पर शुरू किये जाएंगे 22 मडूलर स्टाल

**जबलपुर यशभारत/** जबलपुर रेल मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर रेलवे द्वारा यात्रियों को उच्च गुणवत्ता की खाद्य सामग्री निर्धारित दर पर उपलब्ध करने के लिए 10 स्टेशनों पर नए लायसेंसियो की नियुक्ति करने के लिए मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा आन लाईन प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है इस सम्बन्ध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया कि मंडल के जबलपुर, कटनी, मुडवारा,मैहर,रीवा,दमोह,सागर,नरसिंहपुर,गाडरवारा एवं पिपरिया स्टेशनों पर 22 नए खान पान स्टाल के तौर पर जनरल मायनर यूनिट (जी.एम.यू.) प्रारंभ करने की योजना है इस योजना के तहत यात्रियों को उक्त रेलवे स्टेशन पर 24 घंटे शुद्ध एवं ताज़ी खाद्य सामग्री के साथ ही चाय,काफी,कोल्डड्रिंक,लस्सी,छाछ,बिस्कुट,नमकीन,समोसे,कचोडी,चाकलेट ,आइसक्रीम,पानी, सहित अन्य खाद्य सामग्री उचित मूल्य पर इन स्टालों पर मिलेगी. उक्त स्टेशनों पर खान-पान स्टाल खोलने के लिए प्रस्तावक अपने प्रस्ताव रेलवे की वेव साईट आई.आर.पी.एस. को लाग इन करके रेलवे की शर्तो को देखते हुए अपने प्रस्ताव 20 मार्च के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है. इसके अतिरिक्त मंडल के वाणिज्य शाखा से संपर्क करके भी उक्त सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है/

# रेलवे स्टेशन का राजभाषा प्रगति निरीक्षण



**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी एस.के. अलबेला द्वारा जबलपुर रेलवे स्टेशन का राजभाषा प्रगति निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजभाषा विभाग, मुख्यालय के राजभाषा अधिकारी राज रंजन श्रीवास्तव, स्टेशन निदेशक मृत्युंजय कुमार, जबलपुर मंडल प्रभारी राजभाषा अधिकारी अरविंद पाण्डेय, स्टेशन प्रबंधक एन.के. श्रीवास्तव सहित राजभाषा विभाग एवं जबलपुर स्टेशन के कर्मचारी उपस्थित थे इस दौरान भारत सरकार की राजभाषा संबंधी नीतियों के समुचित अनुपालन पर जोर दिया गया। राजभाषा विभाग द्वारा उपस्थित स्टेशन कर्मियों को राजभाषा नीतियों की जानकारी दी गई तथा पाई गई कमियों को तत्काल दूर करने संबंधी सुझाव दिए गए। निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में लगे अधिकांश बोर्ड द्विभाषी/हिंदी में पाए गए। प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री एस.के. अलबेला ने भारत सरकार की राजभाषा संबंधी नीतियों के समुचित अनुपालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए तथा नीतियों के सरल अनुपालन संबंधी सुझाव प्रदान किए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जबलपुर स्टेशन पर भविष्य में राजभाषा संबंधी नीतियों का समुचित अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## आंखों में आंसू और भयानक गुस्सा...

# रनआउट के बाद हरमन ने फेंका बल्ला, यूं पछताते दिखीं कप्तान







**केप टाउन, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम एक बार फिर वर्ल्ड चैंपियन बनने से चूक गई। उसे टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। कप्तान हरमनप्रीत कौर (52 रन, 34 बॉल, 6 फोर, 1 सिक्स) और जेमिमा रोड्रिग्स (43 रन, 24 बॉल, 6 फोर) ने मुश्किल परिस्थितियों में दमदार पारियां खेलीं। इससे मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विमिंस टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में टीम इंडिया जीत की दहलीज तक पहुंच गई। हालांकि, अंत तक रोमांच रहे इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पांच रन से जीत हासिल कर कुल सातवीं बार प्रतियोगिता के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मैच एक समय भारत के पक्ष में दिख रहा था, लेकिन हरमनप्रीत कौर के रन आउट के बाद सब बदल गया। जेमिका के आउट होने के बाद रनों की रफ्तार थोड़ी धीमी हुई। बाउंड्री लगने बंद हो गए। बाउंड्री का यह सूखा 14वें ओवर में खत्म हुआ जब मैक्ग्रा की गेंद को हरमन ने चौके के लिए भेजा। इस चौके के बाद अगली चार गेंदों पर तीन और चौके आए और हरमन ने 32 गेंद पर अपनी फिफ्टी भी पूरी की। टीम इंडिया अचानक लक्ष्य के बेहद करीब नजर आने लगी, उसे अब जीत के लिए 34 गेंद पर 41 रन की जरूरत थी। लेकिन इसी ओवर (15वें) में साधारण रनिंग के कारण हरमन ने अपना विकेट गंवा दिया। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मुकाबले में वापसी कर ली। जब हरमन रन आउट हुईं तो उन्हें अपनी गलती का अहसास था। उनका बल्ला उलझ गया और यही मैच पलट गया। जब वह रन आउट होकर पवेलियन लौट रही थीं तो बेहद गुस्से में थीं। उन्होंने मैदान पर ही बल्ला फेंक दिया। इसके बाद वह पवेलियन की सीढ़ियों पर चढ़ते समय भी वह खुद पर काबू नहीं रख पा रही थीं। वह जानती थीं कि उनसे कितनी बड़ी गलती हो गई है। इस मोमेंट का वीडियो आईसीसी ने शेयर किया है।

### शुरुआत 2020 फाइनल जैसी

इससे पहले, पिछले टी20 वर्ल्ड कप में ये दोनों टीमें खिताबी मुकाबले में टकराई थीं। इस बार टक्कर सेमीफाइनल में हो रही थी, लेकिन दोनों ही मैचों में शुरुआत लगभग एक समान रही। 2020 में टॉस ऑस्ट्रेलिया ने जीता और पहले बैटिंग का फैसला किया। एलिसा हीली ने चौके के साथ इनिंग्स की शुरुआत की और ऑस्ट्रेलिया ने पावरप्ले (शुरुआती छह ओवर्स) में बिना किसी नुकसान के 49 रन बनाए। यहां भी सिक्के ने ऑस्ट्रेलिया का साथ दिया। उसने पहले बैटिंग चुनी और हीली ने चौके के साथ पारी का आगाज किया। पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया ने बिना नुकसान के 44 रन बना लिए। बेथ मूनी ने 12वें ओवर में शिखा पांडे की शुरुआती दो गेंदों पर चौके जड़कर 34 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी की। टी20 इंटरनैशनल में यह उनका कुल 17वां अर्धशतक रहा, जबकि भारत के खिलाफ कुल आठवां।

### यह भी रहा हार का कारण

ऑस्ट्रेलियाई पारी किस्मत का भरपूर साथ रहा। इस अहम मुकाबले में भारतीय टीम की फील्डिंग बहुत ही खराब रही और उन्होंने कुछ आसान कैच भी टपकाए। भारतीय पारी के नौवें ओवर में स्नेह राणा की गेंद पर विकेटकीपर ऋचा घोष ने मैग लैनिंग का कैच विकेटकीपर ऋचा घोष ने छोड़ा। इसके अगले ओवर में मूनी ने राधा यादव की गेंद पर बड़ा शॉट लगाया और बाउंड्री लाइन पर शेफाली वर्मा ने उन्हें आउट करने का आसान मौका टपका दिया। 13वें ओवर में स्नेह राणा की गेंद पर ऋचा घोष ने लैनिंग को स्टंप आउट करने का आसान मौका गंवाया। इन मौकों का फायदा उठाते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अंतिम दस ओवर में 103 रन, अंतिम पांच ओवर्स में 59 रन और अंतिम ओवर में 18 रन ठोककर बोर्ड पर 172/4 का मजबूत टोटल खड़ा किया।

### हार से टूटकर बिखरी देश की बेटी!

तबीयत खराब होने के बावजूद मैदान पर बल्ले से तूफानी पारी खेलने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर मैच के बाद अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सकीं और पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा से लगे लगकर फूट-फूटकर रोती दिखीं। उनके अलावा भी टीम इंडिया के हर सदस्य का यही हाल था। इस मोमेंट का वीडियो आईसीसी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया है। वीडियो में दिख रहा है कि वह अपने सीनियर साथी और टूर्नामेंट में हिंदी कॉमेंट्री कर रहीं अंजुम चोपड़ा से गले मिलकर फूट-फूटकर रो रही थीं। दूसरी ओर, अंजुम का भी कुछ ऐसा ही हाल था। जब टीम इंडिया हारी तो वह इतनी दुख के मारे इमोशनल हो गई कि उनके मुंह से शब्द नहीं फूट रहे थे। वह लगातार पलकों को झपकाते हुए अपने आंसूओं को रोकने की कोशिश कर रही थीं। हरमन के बारे में जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह सिर्फ अपनी कप्तान को दिलासा देना चाहती थीं। वह इमोशनल सपोर्ट करना चाहती थीं। हरमन की तबीयत खराब थी। इसके बावजूद वह मैदान पर उतरीं। कोई और मैच होता तो शायद वह नहीं खेलतीं। लेकिन यह सेमीफाइनल था। वह इससे पीछे नहीं हट सकती थीं। उन्होंने आगे कहा- यह मोमेंट गमगीन था। हम चाहे कितनी भी कोशिश कर लें खुद पर काबू नहीं रख सकते हैं। मैच में अगर 5 रन भी कम होते तो शायद भारत के लिए रिजल्ट कुछ और होता। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया ने मैच में पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट पर 172 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 8 विकेट के नुकसान पर 167 रन तक पहुंच सकी। हरमन ने हाफ सेंचुरी जड़ी, लेकिन वह रन आउट हुई और इसके बाद मैच का रुख पलट गया।

### जेमिमा-हरमन ने बनाया था मैच, लेकिन...

मैच में ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी (54) और मेग लैनिंग (49*) की तेज पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवर में बोर्ड पर चार विकेट पर 172 रन का स्कोर टांगा। एक बड़े लक्ष्य के खिलाफ भारत की शुरुआत बहुत ही खराब रही। ओपनर शेफाली वर्मा (9) आउट होने वाली पहली बैटर रहीं। उनके बाद स्मृति मंधाना (2) और यास्तिका भाटिया (4) के विकेट टीम ने पारी के चौथे ओवर तक 28 रन पर ही गंवा दिए। इन शुरुआती तीन विकेट के बाद भारत की जीत की उम्मीद धूमिल पड़ गई लेकिन यहां से जेमिमा और हरमनप्रीत ने पलटवार करके मैच में एक बार फिर रोमांच पैदा कर दिया। इन दोनों ने तेजी से रन बटोरे जिससे 10 ओवर्स में भारत के खाते में तीन विकेट पर 93 रन हो गए। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 10 ओवर्स में एक विकेट पर 69 रन बनाए थे। इसे देखते हुए इस मैच में भारतीय टीम पहली बार हावी नजर आने लगी। लेकिन 11वें ओवर में जेमिमा बदकिस्मत रहीं और एक खराब गेंद पर वह आउट हो गई।

## कैसे तोड़ते हैं गेंदबाजों का हौसला...

# सचिन के ब्रैड हॉग वाले मंत्र से कोहली-रोहित को सीखना चाहिए



**नई दिल्ली, ईएमएस।** विश्व क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से जुड़े कई सारे किस्से मशहूर हैं। ऐसा ही एक किस्सा ऑस्ट्रेलिया के सफलतम स्पिनरों में से एक रहे ब्रैड हॉग के साथ भी है। यह घटना साल 2007 की है। ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत दौरे पर आई थी। दोनों टीमों के बीच हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में वनडे मुकाबला खेला जा रहा था। मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के सामने 291 रनों का मजबूत लक्ष्य रखा था। मैच में सचिन ने गौतम गंभीर के साथ पारी का आगाज किया था। गौतम गंभीर सिर्फ 6 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद रॉबिन उथप्पा और राहुल द्रविड़ तो अपना खाता भी नहीं खोल सके। टीम इंडिया मुश्किल पड़ चुकी थी। ऐसे में सचिन को युवराज सिंह का साथ मिला और दोनों ने मिलकर पारी को आगे बढ़ाना शुरू कर दिया लेकिन इस बीच 25वें ओवर की आखिरी गेंद पर ब्रैड हॉग ने सचिन को बोल्ड कर दिया। सचिन 71 गेंद में 43 रन ही बना पाए थे। मैच में हालांकि भारत के लिए युवराज सिंह ने शतक लगाया लेकिन इसके बावजूद टीम इंडिया को 47 रन से हार मिली। इलेक्ट्रॉनिक्स बजट बाजार- बजट के अनुकूल और उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों के लिए नंबर 1 इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर 7 सचिन ऑटोग्राफ लिए ब्रैड हॉग मैच खत्म हो गया। ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली थी लेकिन उसके बाद ब्रैड हॉग एक तस्वीर के साथ सचिन पास उनसे ऑटोग्राफ लेने आए। यह वही तस्वीर थी जिसमें उन्होंने सचिन को बोल्ड किया था। सचिन ने भी बड़ी शालीनता के साथ उन्हें अपना ऑटोग्राफ दे दिया लेकिन उसके साथ उन्होंने एक खास मैसेज भी ब्रैड हॉग को लिख दिया। सचिन ने ऑटोग्राफ के साथ लिखा कि अब आगे से ऐसा नहीं होगा। मतलब यह था कि सचिन ने यह ठान लिया कि ब्रैड हॉग फिर उन्हें आउट नहीं कर पाएंगे और ऐसा ही हुआ। सचिन इसके बाद 2013 तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेले लेकिन इस दौरान फिर कभी भी ब्रैड हॉग उन्हें आउट नहीं कर पाए।

### मौजूदा समय में विराट और रोहित को लेनी चाहिए सीख

मौजूदा समय में विराट कोहली और रोहित शर्मा विश्व के दो धाकड़ बल्लेबाज माने जाते हैं। दोनों ही बल्लेबाजों का इंटरनेशनल क्रिकेट में कई बड़े कीर्तिमान हैं लेकिन पिछले कुछ समय से उनके खेल में उस तरह का पैनापन नहीं दिख रहा है जैसा की शुरुआती दौर में था। हालांकि इसके बावजूद गेंदबाजों के मन में इन दोनों बल्लेबाजों का खौफ कम नहीं हुआ है। ऐसे में अगर विराट और रोहित सचिन की तरह ब्रैड हॉग वाला मंत्र अपना लें तो वह दुनिया के किसी भी गेंदबाज के हौसले को पस्त कर सकते हैं। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है कि क्योंकि कोहली सचिन के बाद दुनिया में सबसे अधिक इंटरनेशनल शतक लगाने के मामले में उन्हीं का नंबर आता है। कोहली तीनों फॉर्मेट को मिलाकर कुल 74 शतक लगा चुके हैं जबकि सचिन के नाम कुल 100 शतक दर्ज है। इसके अलावा रोहित शर्मा दुनिया में सबसे अधिक बार वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में तीन बार दोहरा शतक लगाने का कारनामा किया है। ऐसे में ये दोनों बल्लेबाज अगर सचिन की तरह ठान लें कि वे किसी भी गेंदबाज को अपना विकेट आसानी नहीं देंगे तो इनसे बड़ा क्रिकेटर मौजूदा समय में और कोई नहीं हो सकता है।

# सी. व्ही. आनंदन ने नेशनल एथलेटिक चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता




**जबलपुर, यशभारत।** कोलकाता में हुई 43वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक चैम्पियनशिप में जबलपुर नगर (संस्कारधानी) के सी.व्ही. आनन्दन ने अच्छा प्रदर्शन करते हुये कास्य पदक जीता। यह चैम्पियनशिप मास्टर एथलेटिक फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा 14 फरवरी से 18 फरवरी तक कलकत्ता में जनरल सेक्रेटरी श्री डेविड प्रेमनाथ के मागदर्शन में स्पोर्ट अथोरिटी ऑफ इंडिया के खेल मैदान में आयोजित की गई, जिसमें देश भर के करीब 7000 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें सी. व्ही. आनन्दन ने 100 मीटर दौड़ में कास्य पदक जीता कर संस्कारधानी के साथ जबलपुर कारपोरेशन मास्टर्स एथलेटिक एसोसियेशन जबलपुर व शासकीय रेल पुलिस इकाई जबलपुर व प्रदेश का नाम रोशन किया। सी.व्ही. आनन्दन शासकीय रेल पुलिस इकाई जबलपुर में कार्यरत है। इससे पहले भी इन्होने अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय एथेलेटिक प्रतियोगिताओं में गोल्ड, सिल्वर, कास्य पदक जीते है। उल्लेखनीय है कि सी. व्ही. आनन्दन का चयन 2023 एशियन मास्टर एथलेटिक चैम्पियनशिप में भारत के प्रतिनिधित्व करेंगें।

# कबाड़ी वाले की तीरंदाज बेटी ने किया कमाल तूफान में उजड़ा था घर, खाने को थी मोहताज अब मिली है टीम इंडिया में एंट्री



**कोलकाता, एजेंसी।** कोविड-19 का कहर जब अपने चरम पर था तब कबाड़ का काम करने वाले राजकुमार जायसवाल का परिवार दिन में केवल एक समय का भोजन कर पा रहा था। उनकी दुकान बंद थी और जल्द ही उनका घर भी पानी में डूब गया क्योंकि चक्रवाती तूफान अम्फान ने बंगाल में तबाही मचा दी थी। कोरोनावायरस और तूफान की यह दोहरी मार हालांकि उनकी बेटी अदिति के दृढ़ संकल्प को नहीं डिगा पाई जिन्होंने हाल में विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के लिए भारतीय तीरंदाजी टीम में जगह बनाई। इस बीच उन्हें कॉमनवेल्थ गेम्स के पूर्व गोल्ड मेडलिस्ट राहुल बनर्जी का साथ भी मिला जो कि अब पूर्णकालिक कोच हैं। बागुईआटी में कबाड़ी का काम करने वाले की बेटी अदिति मेधावी छात्रा रही है और उन्होंने आईएससी परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए जिससे उन्हें सेंट जेवियर कॉलेज में अर्थशास्त्र ऑनर्स में प्रवेश मिल गया। राजकुमार और उनकी पत्नी उमा चाहते थे कि अदिति भी अपने बड़े भाई आदर्श की तरह पढ़ाई पर ध्यान दें। उनके बड़े भाई वेल्लोर में इंजीनियरिंग कर रहे हैं। तब बनर्जी ने उन्हें समझाया कि अदिति इससे भी बड़ी उपलब्धि हासिल करने के लिए पैदा हुई है। सोनीपत में तीरंदाजी ट्रायल्स में भाग लेने के बाद वापस लौटी अदिति ने कहा, एक समय था जबकि लॉकडाउन के दौरान मेरे पिताजी की दुकान लगभग दो साल तक बंद रही और हम किसी तरह से एक वक्त का भोजन ही जुटा पा रहे थे। उन्होंने कहा, अम्फान के कारण हमारे घर में बाढ़ आ गई और हमें कई दिनों तक बिना बिजली के रहना पड़ा। किसी तरह से हम संघर्ष के इन दिनों से बाहर निकले और अब लगता है कि अच्छे दिन वापस आ गए हैं। अदिति ने कहा, मेरे माता-पिता को अब विश्वास हो गया है कि तीरंदाजी में भी भविष्य है। उम्मीद है कि मैं अपने खेल में सुधार जारी रखूंगी। प्रत्येक खिलाड़ी का सपना होता है कि वह ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करे और पदक जीते लेकिन इसके लिए अभी मुझे लंबा रास्ता तय करना है। यह पहला अवसर है जबकि इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने भारत की पहली पसंद की टीम में जगह बनाई। इससे पहले पिछले साल जम्मू में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में गोल्ड और सिल्वर पदक जीतने के कारण उन्हें कोलंबिया के मेडलिन में विश्वकप के चौथे चरण के लिए दूसरी पसंद की भारतीय टीम में चुना गया था। मेडलिन में वह पहले दौर में ही बाहर हो गई। वहां व्यक्तिगत वर्ग में दीप्ति कुमारी से हार गई थी जबकि टीम स्पर्धा में उन्हें दूसरे दौर में कोरिया से हार का सामना करना पड़ा था। अदिति को 2018-19 से कोचिंग देने वाले बनर्जी ने कहा, उसके माता-पिता का उस पर काफी दबाव था कि कब वह पदक जीतेगी ताकि उसे नौकरी आसानी से मिल जाए। मैं उनसे कहता रहा सब्र कीजिए आप रातों-रात विश्व चैंपियन नहीं बन सकते हैं। अदिति की सबसे बड़ी परीक्षा दो चरण के ट्रायल्स थे जिनमें वह शीर्ष चार खिलाड़ियों में जगह बना कर भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का करने में सफल रही।

# वरुण की बहन के मांगने पर दिव्या अग्रवाल ने लौटाई खानदानी ज्वेलरी, बोलीं- ले लो, कभी पहना भी नहीं



### दिव्या ने वरुण की बहन को दिया मुंहतोड़ जवाब

**मुंबई, एजेंसी।** दिव्या अग्रवाल ने पिछले साल वरुण सूद से ब्रेकअप का ऐलान कर सबको चौंका दिया था। बिग बॉस ओटीटी जीतने वाली एक्ट्रेस अब अपनी जिंदगी में काफी आगे बढ़ गई हैं और जल्द ही मंगेतर अपूर्व पडगांवकर के साथ शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। हालांकि, यह उनका अतीत है जो उन्हें पीछे नहीं हटने दे रहा है। दिव्या अग्रवाल और उनके एक्स बॉयफ्रेंड वरुण सूद में इंटरनेट पर ही खूब कहासुनी शुरू हो गई है। दोनों एक-दूसरे पर कई इल्जाम लगा रहे हैं। अब दिव्या ने सार्वजनिक रूप से उनके खिलाफ लगाए गए कुछ आरोपों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। इसकी शुरुआत कुछ दिन पहले हुई जब वरुण सूद ने ट्विटर पर फैंस के साथ एक आस्क मी एनिथिंग सेशन किया जिसमें उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने दिव्या को धोखा दिया है। उन्होंने जवाब दिया, मैंने नहीं भाई। आगे वरुण की बहन अक्षिता थीं जिन्होंने आरोप लगाया कि दिव्या ने उनके परिवार के गहने वापस नहीं किए। बाद में उन्होंने विवादित ट्वीट हटा दिया था। हालांकि, दिव्या ने उन्हें देख लिया और इसका कड़ा जवाब दिया। उन्होंने ट्वीट के साथ शुरुआत की, मैं बोलने जा रही हूं ... बहुत जल्द और जब किसी ने उन्हें अटेंशन सीकर कहा, तो उन्होंने जवाब दिया, हां, वह मुझसे अटेंशन चाहती थी, इसलिए मैं नहीं गई...। और वरुण की बहन के गहनों के दावों के बाद दिव्या ने ट्वीट किया, न सिर्फ इतना ही। यह सब ले लो !! यह वैसे भी लेन-देन के बारे में था ... लेकिन क्या कोई बात करना बंद कर सकता है क्योंकि वे पोर्टलों पर इससे ध्यान खींचते हैं।

### गहनों के साथ चॉकलेट भी भेजा

गुरुवार (23 फरवरी) को दिव्या ने गहनों की एक तस्वीर ट्वीट की और लिखा, गहने वापस दे रही हूं इतना ही नहीं, एक पोस्ट में उन्होंने शेयर किया कि वह इसके साथ कुछ किस चॉकलेट भी भेज रही हैं। इसे देखकर एक फैन ने उन्हें याद दिलाया कि कैसे वरुण ने ऐस ऑफ स्पेस पर उन्हें अपनी जर्सी भी दी थी। लेकिन दिव्या ने उनसे कहा, वह जर्सी अभी शो में थी... हमारे घर से बाहर आने के बाद ही उसने इसे वापस ले लिया।

### आखिर सामने आया ब्रेकअप का कारण

एक फैन के लिए दिव्या ने यह भी खुलासा किया, ना कभी पहना ना कभी मांगा। एक साल बाद याद आया। रियलिटी शो स्टार ने यह भी कहा कि कैसे वरुण और उनकी बहन ने ध्यान देने के लिए पूरे मामले को सार्वजनिक कर दिया। यह पहली बार है जब दिव्या ने वरुण और उनके बीच कुछ मतभेदों के बारे में खुलकर बात की है, जो उनके ब्रेकअप का कारण बना। उनके ब्रेक-अप नोट में उनके अलग होने का कोई कारण नहीं बताया गया था।

### रेल सुरक्षा बल व कोटा के बीच फाइनल

# पमरे पर अंतरमंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता



**जबलपुर, यशभारत।** पमरे के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ द्वारा अंतर मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता का रेलवे स्टेडियम में खेली जा रही है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ शोभन चौधुरी/अपर महाप्रबंधक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। शुभारंभ समारोह के इस अवसर पर डीसी अहिरवार/अध्यक्ष, डब्ल्यू सी आर एस ए, डॉ राकेश कुमार गुप्ता पीसीईई, एस के अलबेला/पीसीपीओ, डॉ आशुतोष गर्ग/ महासचिव, डब्ल्यू सी आर एस ए, अरिंदम लाई/सीएमएम, राकेश कुमार सिंह/सीएमएम, श्री महाबल सिंह/सीएमएम-सी, श्री एकनाथ मोहकर सीएसटीई, महेश्वर सिंह/सीएससी, मणि भूषण सिंह/सहसचिव, डब्ल्यू सी आर एस ए, श्री मुकुल कुमार सिंह/डिप्टी सीएमएम विशेष रुप से उपस्थित थे। फाईनल मैच आज रेल सुरक्षा बल एवं भोपाल के मध्य खेला जायेगा एवं पुरस्कार वितरण समारोह 17.00 बजे से सुधीर कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक, पमरे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया जायेगा। इसके पहले सेमीफाईनल मैच में रेल सुरक्षा बल ने जबलपुर को 06 रनों से पराजित किया। रेल सुरक्षा बल ने पहले बैटिंग करते हुये 20 ओवरों में 144 रन बनाये जिसमें योगेश पटेल ने 37 रनों का योगदान दिया। जवाबी पारी में जबलपुर केवल 138 रन ही बना सकी। दूसरे सेमीफ ईनल मैच में भोपाल ने कोटा को 29 रनों से पराजित किया। भोपाल ने पहले बैटिंग करते हुये 20 ओवरों में 154 रन बनाये जिसमें जे.पी.यादव ने 48, अंकुश सिंह ने 48 एवं अंकित श्रीवास्तव ने 25 रनों का योगदान दिया। जवाबी पारी में कोटा केवल 125 रन ही बना सकी।

# जनेकृविवि के सुनीता ने गोल्ड, सुमेर ने सिल्वर मैडल जीता

### हिसार, हरियाणा में आयोजित 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्री यूनी स्पोर्ट्स कॉम्पटीशन में जनेकृविवि ने लहराया परचम





**जबलपुर, यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की सद्प्रेरणा से कृषि शिक्षा के साथ-साथ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्रायें खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार में आयोजित 21वीं अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता में जनेकृविवि की मृदा विज्ञान विभाग की छात्रा सुनीता बघेल ने राष्ट्रीय स्तर पर जैवलिन थ्रो में गोल्ड मैडल जीता तो वहीं पौधरोग विभाग के छात्र सुमेर दास प्रजापति ने 15 सौ मीटर दौड़ में सिल्वर मैडल जीतकर विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर गौरांवित किया।ज़ खेलकूद के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा ने छात्रा सुनीता बघेल (गोल्डन गर्ल) को बधाई देते हुये कहा कि, विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं अपार प्रतिभा के धनी हैं, यहां के विद्यार्थी प्रतिभा एवं कौशल के माध्यम से सम्पूर्ण राष्ट्र में शिक्षा के क्षेत्र, खेलकूद एवं सांस्कृतिक क्षेत्र के अलावा अन्य विधाओं में अनूठी एवं उत्तम कला कौशल का प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय को गौरांवित कर रहे हैं। कुलपति डॉ. पीके मिश्रा ने छात्रा सुनीता बघेल और छात्र सुमेर दास प्रजापति को शुभकामनायें दी एवं ईश्वर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जनेकृविवि के खेलकूद अधिकारी डॉ. आशीष कुमार निगम ने जानकारी देते हुये बताया कि विश्वविद्यालय की सुनीता बघेल ने जैवलिन थ्रो में विश्वविद्यालय के इतिहास में प्रथम गोल्ड मैडल जीतकर कीर्तिमान रच दिया है। इसके अलावा छात्र सुमेर दास प्रजापति ने 15 सौ मीटर रेस में सिल्वर मैडल जीतकर विश्वविद्यालय के स्वर्णिम इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। गौरतलब है कि हरियाणा, हिसार में आयोजित राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में 11 छात्राएं एवं 28 छात्र कुल 39 सदस्यीय टीम में खेलकूद अधिकारी डॉ. आशीष कुमार निगम, डॉ. धर्मेन्द्र नरवरिया और डॉ. प्रीति जैन द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थियों की विशिष्ट उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस. के. पांडे, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतू संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. दीप पहलवान, कुलसचिव श्री रेवासिंह सिसोदिया, लेखानियंत्रक श्री व्ही. एन. बाजपेयी, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. पी.बी. शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल सहित विवि के समस्त विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारियों ने प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल एवं सिल्वर मैडल जीतने पर बधाईया एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE
मध्यप्रदेश शासन
आज़ादी का अमृत महोत्सव



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

## शबरी माता जयंती के अवसर पर

# कोल महाकुंभ

एवं

## सतना चिकित्सा महाविद्यालय का उद्घाटन

**24 फरवरी, 2023**

मुख्य अतिथि

**अमित शाह**
केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
भारत सरकार

अध्यक्षता

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

प्रदेश में जनजातीय समाज के शैक्षणिक, आर्थिक और राजनैतिक सशक्तिकरण के लिए हमने अनेक कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं, उनके जीवन में बदलाव के फैसलों के परिणाम अब नजर आने लगे हैं।
- शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

**महाकुंभ**
अपराह्न 2.00 बजे
मैत्री पार्क, हवाई पट्टी मैदान, सतना

**उद्घाटन कार्यक्रम**
अपराह्न 4.00 बजे
सतना चिकित्सा महाविद्यालय परिसर



सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents DDMP @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP D-11236